CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

VINIRMIT ASSOCIATES & CONSTRUCTION
WE BUILD TRUST
OUR SERVICES
- BUILDING PLANNING, 2D & 3D DESIGNING
- CONSTRUCTION & SUPERVISION WORK.
- BUILDING PERMISSION & DIVERSION.
- CIVIL CONSULTANT & FINANCE ADVISOR & PROVIDER.
- TOWN & COUNTRY PLANNING & LAY OUT WORK.

Er. SAGAR HARIHARNO B.E.(Civil), Town Planner 0 81036-51143
Er. SAHIL HARIHARNO B.E.(Civil) M.Tech (Structure) 0 97709-50370
OFFICE ADD. : SHRISHTI COLONY, KAMLA COLLEGE ROAD, RAJNANDGAON (C.G.)

वर्ष- 43 अंक -316 राजनांदगांव, रविवार 06 अक्टूबर 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

# हरियाणा और जम्मू-कश्मीर चुनाव के एक्जिट पोल: हरियाणा के 13 एग्जिट पोल में कांग्रेस की वापसी; जम्मू-कश्मीर के 10 पोल में कांग्रेस सरकार

नई दिल्ली। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर की 90-90 विधानसभा सीटों पर वोटिंग पूरी हो गई है। वोटों की गिनती 8 अक्टूबर को होगी। उससे पहले एग्जिट पोल और उसके आधार पर पोल ऑफ पोल्स। दोनों राज्यों में सरकार बनाने के लिए 46 सीटें जरूरी हैं। हरियाणा में 12 सर्वे एजेंसियों ने एग्जिट पोल किए हैं। जम्मू-कश्मीर में भी भास्कर रिपोर्टर्स के अलावा 9 एजेंसियों ने एग्जिट पोल किया है। इन सबको मिलाकर पोल ऑफ पोल्स का हिसाब लगाया है। पोल ऑफ पोल्स के मुताबिक, हरियाणा के 12 सर्वे में कांग्रेस की सरकार बनती दिख रही है। पार्टी को 56 सीटें मिलने का अनुमान है। भाजपा बहुमत से काफी दूर 27 सीटों पर सिमट सकती है।

पोल ऑफ पोल्स के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर के 10 पोल में 5 नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन की सरकार बना रहे हैं, जबकि 5 में वह बहुमत से 10 से 15 सीटें दूर दिख रही है। पार्टी को 40 सीटें मिलने का अनुमान है। भाजपा 30 सीटें ला सकती है। पीडीपी और अन्य को 10-10 सीटें आएंगी।

**हरियाणा विधानसभा चुनाव — एग्जिट पोल-2024 — सीटें: 90 / बहुमत: 46**

| एजेंसी | भाजपा | कांग्रेस+ | अन्य |
|---|---|---|---|
| आज तक सी-वोटर | 20-28 | 50-58 | 10-14 |
| ध्रुव रिसर्च | 27 | 57 | 06 |
| पीपल्स पल्स | 20-32 | 49-61 | 03-05 |
| रिपब्लिक मैट्रिज | 18-24 | 55-62 | 2-5 |
| रिपब्लिक पी-मार्क | 27-35 | 51-61 | 3-6 |
| पोल स्ट्रेटजी | 23-33 | 53-63 | 3-5 |
| जिस्ट TIF रिसर्च | 29-37 | 45-53 | 4-8 |
| एक्सिस माय इंडिया | 18-28 | 53-65 | 4-13 |

**जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव — एग्जिट पोल-2024 — सीटें: 90 / बहुमत: 46**

| एजेंसी | भाजपा+ | कांग्रेस+ | पीडीपी | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| आज तक सी वोटर | 27-32 | 40-48 | 6-12 | 6-11 |
| एक्सिस माय इंडिया | 24-34 | 35-45 | 4-6 | 8-23 |
| पीपल्स पल्स | 23-27 | 46-50 | 7-11 | 4-6 |
| गुलिस्तान न्यूज | 29 | 34 | 06 | 21 |
| रिपब्लिक मैट्रिज | 30 | 37 | 07 | 16 |

### हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के पोल ऑफ पोल्स

हरियाणा की सभी 90 विधानसभा सीटों तक पहुंचे। आम लोगों, पॉलिटिकल एक्सपर्ट्स और सीनियर जर्नलिस्ट से बात करके हवा का रुख समझा। इस बातचीत से समझ आया कि हरियाणा में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनेगी और वह अपने बलबूते सरकार भी बना सकती है।

### जम्मू-कश्मीर- बहुमत किसी को नहीं, महबूबा बन सकती हैं किंगमेकर

जम्मू-कश्मीर की सभी 90 विधानसभा सीटों तक गए और हवा का रुख समझा। चुनाव के दौरान हमने आम लोगों, पॉलिटिकल एक्सपर्ट्स, सीनियर जर्नलिस्ट और पॉलिटिकल पार्टियों से बात की। इससे समझ आया कि 10 साल बाद भी जम्मू-कश्मीर में एक पार्टी या अलायंस को बहुमत के लिए जरूरी 46 सीटें मिलती नहीं दिख रही हैं। चुनाव से पहले सिर्फ दो एजेंसियों ने ओपिनियन पोल कराए थे। हरियाणा में टाइम्स नाउ-मैट्रिज के ओपिनियन पोल में त्रिशंकु विधानसभा के आसार हैं। जम्मू और कश्मीर में लोकपोल ओपिनियन सर्वे के मुताबिक, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### किसी को बहुमत नहीं मिला तो छोटे दल किंगमेकर होंगे

हरियाणा में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच है। हालांकि, पिछले विधानसभा चुनावों के पैटर्न को देखें तो छोटी पार्टियां और निर्दलीय सरकार बनाने में अहम रोल अदा करती है। ओमप्रकाश चौटाला की इंडियन नेशनल लोकदल ने बहुजन समाज पार्टी से गठबंधन किया है। दूसरा क्षेत्रीय दल दुष्यंत चौटाला की जननायक जनता पार्टी है। दुष्यंत ने चंद्रशेखर आजाद की आजाद समाज पार्टी से गठजोड किया है। आम आदमी पार्टी पहली बार सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। ओपिनियन पोल में किसी को बहुमत मिलने के आसार नहीं दिख रहे हैं। अगर ऐसा होता है तो इंडियन नेशनल लोकदल-बहुजन समाज पार्टी और जननायक जनता पार्टी-आजाद समाज पार्टी का गठबंधन किंगमेकर की भूमिका निभा सकते हैं। 2019 विधानसभा चुनाव में जेजेपी ने 10 सीटें जीती थीं। इनके समर्थन से भाजपा की सरकार बन सकी थी। दुष्यंत चौटाला डिप्टी सीएम बने थे। हालांकि चुनाव से पहले गठबंधन टूट गया।

### जम्मू-कश्मीर में 2014 विधानसभा चुनाव के 2 एग्जिट पोल, हंग असेंबली का अनुमान सही रहा

जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव हुए। 2014 में हंग असेंबली के बाद भाजपा और पीडीपी ने गठबंधन सरकार बनाई थी। 2018 में गठबंधन टूटने के बाद सरकार गिर गई थी। इसके बाद राज्य में 6 महीने तक राज्यपाल शासन (उस समय जम्मू-कश्मीर संविधान के अनुसार) रहा। इसके बाद राष्ट्रपति शासन लागू हो गया। राष्ट्रपति शासन के बीच ही 2019 के लोकसभा चुनाव हुए, जिसमें भाजपा बहुमत के साथ केंद्र की सत्ता में लौटी। इसके बाद 5 अगस्त 2019 को भाजपा सरकार ने आर्टिकल-370 खत्म करके राज्य को दो केंद्र-शासित प्रदेशों (जम्मू-कश्मीर और लद्दाख) में बांट दिया था। 2024 में जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव हुए।

## इस बार एक नहीं, चार नवंबर से मनाया जाएगा राज्योत्सव

रायपुर। राज्योत्सव के अवसर पर दीवाली होने के चलते इस बार छत्तीसगढ़ सरकार ने चार से छह नवंबर तक तीन दिन राज्योत्सव का मुख्य आयोजन करने का निर्णय लिया है। नवा रायपुर में मेला स्थल पर राज्य स्तरीय राज्योत्सव और राज्य अलंकरण समारोह का आयोजन एक साथ आयोजित होगा। मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया है।

संस्कृति विभाग के सचिव अन्बलगन पी.ने बताया कि राज्य स्तरीय राज्योत्सव का शुभारंभ नवा रायपुर स्थित राज्योत्सव मेला स्थल में चार नवंबर 2024 को होगा। जिसका समापन छह नवंबर 2024 को होगा। अंतिम दिवस समापन समारोह के दिन राज्य अलंकरण समारोह भी आयोजित किया जाएगा।

मेला स्थल की व्यवस्था के तहत कार्यक्रम स्थल का ले-आउट और स्टाल आवंटन एनआरडीए और सीएसआइडीसी द्वारा किया जाएगा। इसमें विभिन्न विभागों द्वारा शिल्पग्राम, वनोपज, हर्बल उत्पादों और सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। राज्य अलंकरण समारोह के लिए संबंधित विभागों से पुरस्कार की सूची, चयनित व्यक्तियों का परिचय और सम्मान राशि की जानकारी मांगी गई है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सशस्त्र सैन्य समारोह में हादसा : लोहे की बैरिकेडिंग में फैला करंट, एक घोड़े को लगा झटका



रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में नो योर आर्मी कार्यक्रम का आगाज हो गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम का शुभारंभ कर दिया है। इसी बीच सशस्त्र सैन्य समारोह में अनहोनी होने से टल गई। जहां लोहे की बैरिकेडिंग में करंट फैल गया और घोड़ा को करंट का झटका लग गया। जिसके बाद घुड़सवारों ने तत्काल बिजली कर्मचारियों बुलाकर ठीक कराया। वहीं घोड़ा ठीक बताया जा रहा है। सहस्त्र सैन्य समारोह में शामिल होने के लिए हजारों स्कूली छात्र और महिलाएं पहुंची। कड़ी धूप में सिर में छाता और स्कार्फ लगाकर लोग करतब देख रहे हैं। वहीं कड़ी धूप के बावजूद देश भक्ति गीत से बच्चें झूम रहे हैं।

### 500 जवान दिखाएंगे रणनीतिक कौशल

इस आयोजन में लगभग 500 जवान सैन्य बलों का रणनीतिक कौशल दिखाएंगे। भीष्म टैंक, 950 गोलियां दागनी वाली राइफल और 50 से ज्यादा हथियारों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। भारतीय सेना खुखरी डांस दिखाएगी और छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हो रहा है। दंतेवाड़ा के बच्चे सेना के साथ घुड़सवारी करेंगे। बड़ी संख्या में दर्शक साइंस कॉलेज मैदान पहुंच चुके हैं।

### सैन्य समारोह कार्यक्रम एक दिन बढ़ा

सैन्य समारोह कार्यक्रम को एक दिन बढ़ा दिया गया है, अब 6 की जगह 7 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। सीएम विष्णु देव साय ने की सैन्य समारोह कार्यक्रम की तिथि में बढ़ोतरी की घोषणा की है। इसके साथ ही धूप को देखते हुए समय में भी परिवर्तन किया गया है। सीएम श्री साय ने जिला प्रशासन की टीम और सेना के टीम को बधाई देते हुए आने वाले समय में इस प्रकार के सैनिक समारोह का आयोजन करने का अनुरोध किया है।

## सीएम साय जाएंगे दिल्ली - नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की होगी बैठक



### गृहमंत्री शाह लेंगे नक्सल समस्याओं का जायजा

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खात्मे और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों की गति तेज करने को लेकर 7 अक्टूबर को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और गृह मंत्रियों की उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री इस बैठक में राज्य में चल रहे नक्सल ऑपरेशन और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी देंगे।

सीएम श्री साय ने बैठक से पहले कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार नक्सल प्रभावित इलाकों में न केवल सुरक्षा बलों द्वारा लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है, बल्कि इन इलाकों में विकास कार्यों को भी प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य नक्सलियों के आतंक को समाप्त कर इन क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। हाल ही में नारायणपुर-दंतेवाड़ा जिले के सीमावर्ती इलाके में हुए बड़े नक्सल ऑपरेशन का उल्लेख करते हुए सीएम श्री साय ने कहा कि, आज हमारी सुरक्षा बलों ने माओवादियों के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। सर्च ऑपरेशन में अब तक 28 नक्सलियों के मारे जाने की जानकारी मिली है। यह छत्तीसगढ़ में अब तक का सबसे बड़ा नक्सल ऑपरेशन है। इसके लिए मैं अपने बहादुर जवानों को बधाई देता हूं और उनके अदम्य साहस को नमन करता हूं।

### नक्सलवाद का खात्मा हमारी सरकार का लक्ष्य

उन्होंने आगे कहा कि, हमारी सरकार का स्पष्ट लक्ष्य नक्सलवाद का पूरी तरह से खात्मा करना है। डबल इंजन सरकार के अंतर्गत हम नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में न केवल माओवादियों से सख्ती से निपट रहे हैं, बल्कि उन क्षेत्रों में विकास कार्यों को भी तेजी से पूरा कर रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने भी नक्सलवाद के खात्मे के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए हैं, और उनका संकल्प है कि मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद का अंत हो।

### बैठक में विकास कार्यों का एजेंडा

नई दिल्ली में होने वाली बैठक में सीएम श्री साय छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में किए जा रहे विकास कार्यों का ब्योरा भी पेश करेंगे। छत्तीसगढ़ सरकार ने इन इलाकों में सड़कों, स्कूलों, अस्पतालों, और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरुआत की है। इसके अलावा, राज्य में रोजगार सृजन और ग्रामीण विकास के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों के लोग विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकें। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## चुनावी बॉन्ड : सुप्रीम कोर्ट ने समीक्षा याचिकाएं की खारिज



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने 'चुनावी बॉन्ड योजना' को असंवैधानिक करार दिए गए अपने फैसले के खिलाफ दायर समीक्षा याचिकाएं खारिज कर दी हैं।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जे बी पार्दीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अधिवक्ता मैथ्यूज नेदुम्परा और अन्य द्वारा दायर समीक्षा याचिकाओं को खारिज कर दिया है। पीठ ने इस मामले में खुली अदालत में सुनवाई के एक आवेदन को भी खारिज कर दिया। शीर्ष अदालत ने यह आदेश 25 सितंबर को पारित किया था।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय पीठ ने अपने आदेश में कहा, समीक्षा याचिकाओं के अवलोकन करने के बाद रिकॉर्ड में कोई त्रुटि नहीं मिली है। उच्चतम न्यायालय नियम -2013 के आदेश ङ्गख्द्धद्ध नियम एक के तहत समीक्षा का कोई मामला नहीं बनता है। इसलिए, समीक्षा याचिकाएं खारिज की जाती हैं।

शीर्ष अदालत के नियमों के अनुसार, समीक्षा याचिका पर न्यायाधीशों द्वारा उनके कक्ष में संबंधित दस्तावेजों पर विचार किया जाता है। शीर्ष अदालत की पांच सदस्यीय पीठ ने 15 फरवरी 2024 को इलेक्टोरल बॉन्ड योजना को असंवैधानिक करार दिया था और संबंधित बैंक को बॉन्ड जारी करने पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया था।

पीठ ने अपना फैसला सुनाते हुए यह भी कहा था कि इससे राजनीतिक दलों को दान देने वालों के नाम (शेष पृष्ठ 6 पर...)






## सीएम हाउस अब नया रायपुर में : सपत्नीक विधि-विधान से पूजा-पाठ कर सीएम साय ने किया गृह प्रवेश

### विस. अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, राज्यपाल समेत कई मंत्री रहे मौजूद



रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय ने नवरात्रि के पावन अवसर पर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर नवा रायपुर में नवनिर्मित नए मुख्यमंत्री निवास में गृह प्रवेश किया। सीएम श्री साय ने अपनी धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय के साथ मंत्रोच्चार और शंख ध्वनि के बीच पूजा-अर्चना की। उन्होंने अपनी माता जसमनी देवी से आशीर्वाद ग्रहण कर गृह प्रवेश किया।

इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका उनकी धर्मपत्नी रानी डेका काकोटी, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस सहित अनेक विधायक और जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। गृह प्रवेश कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों ने मुख्यमंत्री को बधाई और शुभकामनाएं दी।

### 65 करोड़ की लागत से बना नया सीएम आवास

नवा रायपुर में बहुप्रतीक्षित नए मुख्यमंत्री निवास का आकर्षण देखते ही बन रहा है। सेक्टर-24 में बन रहे मुख्यमंत्री आवास में बाहरी काम-काज पूरा हो गया है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के मुताबिक फर्नीचर, इंटीरियर व विद्युत कार्य किए गए हैं। जहां 8 एकड़ में फैले मुख्यमंत्री आवास का निर्माण लगभग (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## लोहारडीह आगजनी और हत्याकांड : पूर्व सीएम बघेल ने साय सरकार को कटघरे में किया खड़े, डिप्टी सीएम शर्मा ने किया पलटवार



रायपुर। कवर्धा के लोहारीडीह की आगजनी व हत्याकांड मामले में सियासी तकरार तेज हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल साय सरकार को कटघरे में खड़े किया है और पांच सवाल दागे हैं। पूर्व सीएम बघेल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को इस मामले में पत्र भी लिखकर अपने प्रश्न पूछे हैं।

इधर, पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के आरोपों पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी तीखा प्रहार किया और कहा कि पहले आप जांच एजेंसी को जांच करने दीजिए, आप स्वयं जांच एजेंसी मत बनिए। शनिवार को राजीव भवन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व कांग्रेस के विधायक धनेंद्र साहू, विकास उपाध्याय ने पत्रकार वार्ता में मामला उठाया। बघेल ने प्रश्न किया कि अगर यह मामला मध्यप्रदेश का है तो क्या छत्तीसगढ़ पुलिस ने इस मामले में मध्यप्रदेश सरकार से बातचीत की, पुलिस ने बिना विवेचना किए किस आधार पर लोगों को गिरफ्तार किया और क्या धाराएं लगाई गई? बघेल ने कहा कि राज्य सरकार इस मामले में दंडाधिकारी जांच करवा रही है तो दंडाधिकारी जांच के प्रमुख बिंदु कौन से है?, इसके साथ ही पुलिस कर्मियों व अधिकारियों पर मामले दर्ज हुए है तो वह कौन से मामले दर्ज हुए हैं?

### न्यायिक जांच की जाए

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि घटना के लिए प्रदेश सरकार ही जिम्मेदार है। हम घटना की हाईकोर्ट के जज की निगरानी में न्यायिक जांच की मांग करते है। साथ ही प्रशांत साहू के हत्यारों के खिलाफ एफआइआर होना चाहिये।

### यह है मामला

14 सितंबर को कवर्धा के लोहारीडीह में शिवप्रसाद साहू नाम के युवक की लाश गांव से करीब 10 किमी दूर मध्यप्रदेश के जंगल में पेड़ से लटकती मिली। युवक की मौत की खबर गांव में फैलते ही बवाल हो गया और लोगों ने गांव के पूर्व सरपंच रघुनाथ साहू पर हत्या का आरोप लगाते हुए मकान को घेर लिया। उसके बाद रघुनाथ साहू के परिवार की महिला, पुरुष और बच्चों से मारपीट हुई तथा घर को आग लगा दिया गया। आगजनी की घटना में पूर्व सरपंच की मौत हो गई।मामले में पुलिस ने 69 लोगों को गिरफ्तार किया है तथा 160 पर मामले दर्ज है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ में प्राधिकरणों के बाद निगम-मंडलों में नियुक्तियां शुरू, विष्णुदेव साय मंत्रिमंडल का जल्द होगा विस्तार



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार ने प्राधिकरणों के बाद अब निगम-मंडलों में भी नियुक्तियां शुरू कर दी है। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग आयोग, युवा आयोग के अध्यक्ष के बाद अब महिला आयोग में सदस्यों की भी नियुक्ति की गई है। जानकारी के अनुसार साय अपने मंत्रिमंडल में भी जल्द विस्तार कर सकते हैं। साय सात अक्टूबर को दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेंगे। इस बैठक में राज्य के विभिन्न विकास और कल्याण संबंधी मुद्दों पर चर्चा होगी। इसके अलावा मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर भी चर्चा हो सकती है।

प्रदेश की 90 सीटों वाली विधानसभा में 13 मंत्री के पद हैं। अभी साय सरकार में दो मंत्रियों के पद खाली हैं। रायपुर-दक्षिण के विधायक बृजमोहन अग्रवाल को शिक्षा मंत्री बनाया गया था, बाद में वह रायपुर से सांसद निर्वाचित हो गए। तबसे मंत्रिमंडल में दो सीटें रिक्त हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि दो विधायकों को साय की मंत्रिमंडल में जल्द ही जगह मिल सकती है। भाजपा को अभी रायपुर-दक्षिण के उपचुनाव में भी रायपुर के एक नेता को टिकट देनी है। ऐसे में निगम-मंडलों व प्राधिकरणों की सूची में भी सामंजस्य बैठाया जा रहा है। प्रदेश की करीब 30 अधिक निगम-मंडलों, आयोगों में करीब 200 नियुक्तियां होनी है। निगम-मंडल आयोगों के अध्यक्षों को कैबिनेट मंत्री का दर्जा भी दिया जाता है। इसमें उनके वेतन-भत्ता, गाड़ी, आवास आदि की सुविधा दी जाती है। इसी तरह अलग-अलग मंडल आयोगों में सदस्यों को भी विभिन्न सुविधाओं का लाभ मिलता है। इन पदों पर ज्यादातर राजनीतिक व्यक्तियों को ही बैठाया जाता है।

### विश्व विजय सिंह तोमर कल करेंगे युवा आयोग अध्यक्ष का पदभार ग्रहण

छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के नए अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर पांच अक्टूबर को दोपहर 12 बजे राजधानी रायपुर के साइंस कालेज स्थित हाकी स्टेडियम के पास युवा आयोग कार्यालय में पदभार ग्रहण करेंगे। युवा विश्व विजय लगातार संगठन से जुड़कर काम कर रहे हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

CMYK

# मौसम में बदलाव का असर स्वास्थ्य पर, लोग हो रहे बीमार

## खासी सर्दी बुखार सहित उल्टी दस्त के मरीजों में इजाफा, स्वास्थ्य विभाग हुआ अलर्ट, लगाया जा रहा शिविर

राजनांदगांव (दावा)। मौसम का वर्षा ऋतु से सीधे शरद ऋतु में तब्दील होते ही स्वास्थ्य इसका विपरित असर दिखने लगा है और लोग बीमार होने लगे है। शहर के जिला चिकित्सालय से लेकर मेडिकल कालेज हास्पीटल व निजी क्लीनिकों में भी मरीजों की कतारे देखी जा रही है।



### अस्पतालों में लग रही मरीजों की कतारें

बता दे कि क्वांर महिने के इस बदलाव वाले मौसम में ज्यादातर लोग सर्दी-खांस व वायरल फीवर सहित हाथ-पैर घुटनों में दर्द-सिरदर्द, पेट में मरोड उल्टी दस्त के शिकार नजर आ रहे है। हालांकि वायरल इन्फेक्शन से सम्बंधित उक्त बीमारियां गोली दवाई इंजेक्शन से ठीक हो जा रही है लेकिन सर्दी-खासी व उल्टी दस्त के मरीजों को लम्बे समय तक परेशान होना पड़ रहा है। एकाएक यह खत्म होने का नाम नहीं ले रहा। इसकी वजह क्वांर के महिने में बारिश के रूकते ही तेज धूप पड़ना व चिपचिपी गर्मी वाली उमस को बताया जा रहा है।

### उल्टी-दस्त की शिकायत

बता दे कि पिछले कुछ दिनों से डायरिया के इक्के-दुक्के केसेज अस्पतालों में सुनने में आ रहे थे। अब इनकी संख्या में बढोतरी देखी जा रही है। गांव में यह शिकायत ज्यादा देखने को मिल रही है। सप्ताह भर पहले दीवान झिटिया की ओर मोतीपुर के सामुदायिक हास्पिटल वालों को मौके पर इलाज के लिए जाना पड़ा था। अब रींवागहन में यह शिकायत देखने में आ रही है बताया जाता है कि रिवागहन में तकरीबन 20 लोग उल्टी-दस्त के शिकार है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी नेतराम नवरत्न को जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य अमले को अलर्ट कर ग्राम रिवागहन में घरों-घर सर्वे करा कर उल्टी-दस्त के मरीजों स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गई। जिला स्वास्थ्य अधिकारी सहित सर्वेलेस अधिकारी डॉ. बी.एल. तुलावी एवं बी.एम.ओ. नंदकिशोर टंडन द्वारा उल्टी-दस्त के मरीजों की जानकारी ली। सभी मरीजों के स्वास्थ्य की निगरानी एवं उपचार मेडिकल कालेज हास्पिटल में किया जा रहा है।

### ग्रामीणों को सलाह

बता दे कि ग्राम रिवागहन में स्वास्थ्य कार्यकर्ता सर्वे कर ग्रामीणों को दवा वितरण किया जा रहा है तथा ग्रामीणों को पानी उबालकर पीने व ताजा भोजन करने की सलाह दी जा रही है। गांव में स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर भी लगाया गया है। जिससे नए मरीज मिलने पर तत्काल उपचार किया जा सके।

बहरहाल मौसम में आई तब्दीली का असर अब लोगों की सेहर पर दिखने लगा है और लोग बीमार होने लगे हैं। इसे ठीक होने में कई- कई दिन लग जा रहे है। इससे लोगों की परेशानी बढ़ी हुई है।

# पुलिस ने अवैध शराब बिक्री करने वाले आदतन शराब कोचिया पर की कार्यवाही



राजनांदगांव (दावा)। चिखली चौकी पुलिस ने अवैध शराब बिक्री करने वाले सहित आदतन शराब कोचिये पर कार्रवाई की है। बताया जाता है कि आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम अनेक मामले दर्ज हैं वहीं पुलिस ने अशांति फैलाने वाले बदमाश पर भी कार्यवाही की है।

चौंक प्रभारी नरेश कुमार बंजारे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में नवरात्रि एवं दशहरा पर्व में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिले मे अवैध शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुण्डा बदमश और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालो के विरूद्ध अभियान कार्यवाही जारी है जिसके अंतर्गत शनिवार 5 अक्टूबर को मुखबीर सूचना पर मोतीपुर स्कुल मैदान के पीछे अवैध शराब बिक्री कर रहे आरोपी धनेश भीमरे पिता स्व. हरदेव भीमरे उम्र 38 साल निवासी मोतीपुर वार्ड नं. 03 को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 19 पौवा गोल्डन गोवा अंग्रेजी शराब कुल 3420 एमएल कीमती 2090 रूपये व बिक्री रकम 270 रूपये जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया एवं प्रतिबंधक कार्यवाही किया गया।

इसी तरह तरनदीप नामक व्यक्ति शराब के नशे मे मालवाहन चालक और आने जाने वाले लोगों को गाली गलौच कर वाद विवाद कर अशांति फैला रहा था सूचना मिलने पर मौके पर राहगीरों और पुलिस द्वारा समझाने पर और आक्रोशित होने लगा। संज्ञेय अपराध की आशंका पर बदमाश तरनदीप सिंग पिता स्व. मनजीत सिंग उम्र 25 साल निवासी गौरीनगर गली नं. 02 को धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत विधिवत गिरफ्तार कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय मे पेश कर आदेशानुसार जेल भेजा गया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में नवरात्रि पर शांति कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु गुण्डा, बदमाश, असमाजिक तत्वों पर विरूद्ध अभियान कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# पुलिस ने असमाजिक तत्वों एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले के खिलाफ की कार्यवाही



राजनांदगांव (दावा)। नवरात्रि पर्व में लोगों की सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाली पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों एवं यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के तहत दो लोगों के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा गया है, वहीं नाबालिक को मोटर सायकल चलाने देने पर वाहन स्वामी के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

बताया जाता है कि शहर के व्यस्ततम रोड मानव मंदिर चौक में देर रात्रि मोटर कार खड़ी कर व रास्ता जाम कर केक काटने वाले वाहन चालक के खिलाफ मोटर व्हीकल के तहत कार्रवाई की गई है। उक्त संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान शहर में शांति व्यवस्था बनाये रखने असामाजिक तत्वों एवं यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत शनिवार 5 अक्टूबर को थाने में सूचना प्राप्त हुई कि तुलसीपुर रेल्वे फाटक के पास जन्मदिन पार्टी मनाने की बात को लेकर कुछ लोग वाद विवाद झगड़ा हो रहे है, उक्त सूचना पर तत्काल थाने से पुलिस स्टॉफ पहुंचकर समझाने का प्रयास किया गया, जिस पर लावेश गुड़ाम पिता स्व. विनोद गेड़ाम उम्र 21 वर्ष निवासी रविदास नगर वार्ड नं. 03 मोतीपुर व आरसील मेश्राम पिता रवि मेश्राम उम्र 19 वर्ष निवासी फुलवारी पारा चंदन नगर वार्ड नं. 02 मोतीपुर द्वारा पुलिस को देखकर काफी उत्तेजित होकर मारने पीटने पर उतारू हो गये, जिससे शांति व्यवस्था भंग होने की स्थिति निर्मित होने पर धारा 170 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत गिरफ्तार कर धारा 126, 135 (3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत प्रतिबंधक कार्यवाही कर उन्हें कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया जेल वारंट जारी होने पर जहां से उन्हे जेल दाखिल किया गया।

इसी तरह शहर के भीड़भाड़ वाले मार्ग पर मोटर सायकल के स्वामी कुमार चतुर्वेदी पिता उदेराज चतुर्वेदी उम्र 40 वर्ष निवासी सूर्या नगर रिंग रोड़ थाना छावनी भिलाई जिला दुर्ग द्वारा अपने मोटर सायकल को नाबालिक को चलाने देकर मोटरयान अधिनियम के नियमों का उल्लंघन करना पाये जाने से धारा 3/181, 4/181, 5/180 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही किया गया।

### रास्ते में केक काटने वाले युवक पर कार्यवाही

थाना प्रभारी श्री साहू ने बताया कि शहर में देर रात्रि मानव मंदिर चौक में नो पार्किंग स्थल पर मोटर कार लगाकर रास्ता जाम कर केक काटने वाले व्यक्ति पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने के संबंध में मोटर व्हीकल अधिनियम की धारा 117/177, 119/177 के तहत कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि आगे भी इसी तरह असामाजिक तत्वों एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी रहेगी। इस कार्यवाही में श्री साहू सहित कोतवाली थाने के, सहायक उप निरीक्षक इसराफील खान, प्रधान आरक्षक शम्भूनाथ द्विवेदी एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## पहला कॉलम...

### कल से दो दिवसीय राष्ट्रीय खेल महोत्सव आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्था समिति के निर्देशानुसार एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के लिए राष्ट्रीय खेल महोत्सव 2024 'मध्य क्षेत्र संभाग क्रमांक 2 स्तर का आयोजन' 7 एवं 8 अक्टूबर को दिग्विजय स्टेडियम एवं अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में किया जाएगा। जिसमें गरियाबंद, बालोद, धमतरी, महासमुंद, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं राजनांदगांव में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के विद्यार्थी विभिन्न खेल विद्याओं में भाग लेंगे।

### राकेश कुमार श्रीवास्तव का निधन

राजनांदगाँव। शहर के प्रतिष्ठित नागरिक राकेश कुमार श्रीवास्तव (70 वर्ष) का गत दिवस हृदयाघात से दुःखद निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी व तीन पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गये। उनका अंतिम संस्कार आज अपराह्न में लखोली स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उपरांत में उपस्थितजनों ने एक शोकसभा आहूत कर मुक्तात्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

#### तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने जताया शोक

संघ के संभागीय अध्यक्ष श्री आनन्दकुमार श्रीवास्तव व जिला अध्यक्ष अरूण कुमार देवांगन ने बताया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग से विगत वर्षो पूर्व सेवानिवृत्त हुए तथा स्थानीय सहदेवनगर निवासी रहे स्व. राकेश कुमार श्रीवास्तव तत्कालीन मध्यप्रदेश के समय से ही तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के सक्रिय सदस्य रहे व कर्मचारी समस्याओं के समाधान हेतु सदैव सक्रिय, यहाँ तक कि सेवानिवृत्ति के उपरांत भी क्रियाशील रहते हुए साथियों के मध्य बेहद ही लोकप्रिय थे। बेहद ही मुखर व प्रखर तथा सहज, सरल और मिलनसार मधुभाषी व्यवहार के धनी कर्मचारी नेता श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव के निधन का दुःखद समाचार मिलने से यूनियन के कर्मचारी साथियों में दुःख का भाव फैल गया। उनके निधन पर छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने शोक प्रकट किया है।

#### छत्तीसगढ़ कायस्थ महासभा ने शोक संवेदना प्रकट की

कायस्थ समाज के वरिष्ठ सदस्य राकेश कुमार श्रीवास्तव के निधन पर छत्तीसगढ़ कायस्थ महासभा ने बीते 30 वर्षों पूर्व से जमातपारा स्थित समाज के श्रीचित्रगुप्त जी मंदिर को सामाजिक सदस्यों के दर्शनार्थ महासभा के द्वारा सुबह शाम खोले जाने के साथ विभिन्न सेवा कार्य को याद करते हुए तथा समाज में उनके अवदानों को याद करते हुए उनके निधन को समाज की अपूरणीय क्षति निरूपित किया। वे साहित्यिक तपोभूमि नगरी राजनांदगांव के ख्यातिलब्ध स्वनामधन्य साहित्यकार रहे स्व. नरेश श्रीवास्तव के बड़े भैया थे। छत्तीसगढ़ कायस्थ महासभा के आनंद कुमार श्रीवास्तव, श्रीनिवास श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव (बालाजी स्टुडियो), रविन्द्र श्रीवास्तव (मुन्नु भैया), प्रवीण श्रीवास्तव, प्रतीक श्रीवास्तव, प्रभाकर श्रीवास्तव, लाला कृष्णकांत श्रीवास्तव, सुनील वर्मा (बिजली विभाग), राजू श्रीवास्तव ने शोक व्यक्त किया है।

# मेजबान दुर्ग संभाग का रहा शानदार प्रदर्शन, बॉस्केटबॉल के चारों वर्गों में बनी विजेता



### 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन आज

राजनांदगांव (दावा)। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 का समापन समारोह का आयोजन रविवार 6 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे से अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संतोष पाण्डेय उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर नगर पालिक निगम राजनांदगांव श्रीमती हेमा देशमुख, पूर्व विधायक डोंगरगढ़ रामजी भारती, पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया रविन्द्र वैष्णव, पूर्व चेयरमेन छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन नीलू शर्मा, समाजसेवी राजेन्द्र गोलछा, समाजसेवी लीलाधर साहू उपस्थित रहेंगे।

प्रतियोगिता में मेजबान दुर्ग संभाग ने बॉस्केटबॉल बालक व बालिका 17 वर्ष व 19 वर्ष के चारों ही वर्ग में विजेता बनी। वहीं अन्य खेलों में भी उसका प्रदर्शन अच्छा रहा। बेसबॉल 17 वर्ष बालक व बालिका में बिलासपुर जोन विजेता, बस्तर जोन उपविजेता एवं दुर्ग संभाग तीसरे स्थान पर रहा। दिग्विजय स्टेडियम में खेले गये बेसबॉल बालक 17 वर्ष में बिलासपुर जोन ने बस्तर जोन को 4-3 अंकों से हराकर विजेता बनी, बस्तर उपविजेता रही, वहीं दुर्ग संभाग ने रायपुर को 2-1 अंकों से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में भी फायनल में बिलासपुर व बस्तर के मध्य खेला गया। जिसमें बिलासपुर 4-3 अंकों के साथ विजेता रही तथा बस्तर उपविजेता रही दुर्ग जोन ने सरगुजा को पछाड़कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। दिग्विजय स्टेडियम के ही इण्डोर स्टेडियम में खेले गये बॉस्केटबॉल 17 वर्ष बालक वर्ग में दुर्ग संभाग ने रायपुर को हराकर विजेता बनी रायपुर उपविजेता व तीसरे स्थान पर बिलासपुर रही। 19 वर्ष बालक वर्ग में दुर्ग ने रायपुर को पराजित कर विजेता बनी। रायपुर उपविजेता व बस्तर तीसरे स्थान पर रही। बॉस्केटबॉल 17 वर्ष बालिका वर्ग में दुर्ग व रायपुर की टीमें फिर एक बार आमने-सामने रही। जिसमें दुर्ग विजेता, रायपुर उपविजेता व सरगुजा तीसरे स्थान पर रही।

19 वर्ष बालिका वर्ग में दुर्ग ने रायपुर को पीछे छोड़ते हुए विजेता बनी। रायपुर उपविजेता व बस्तर तीसरे स्थान पर रही। अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही बालक व बालिका प्रतियोगिता के तहत बालिका वर्ग में मेजबान दुर्ग ने बिलासपुर को 5-0 गोल से, सरगुजा व बस्तर के मध्य खेला गया मैच 3-3 गोल की बराबरी पर रहा। बालक वर्ग में दुर्ग ने सरगुजा को 3-1 गोल से व बिलासपुर ने बस्तर को 2-0 गोल से पराजित किया।

# जंगलपुर के सात बच्चे राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता हेतु चयनित



राजनांदगांव (दावा)। शा. उच्चतर माध्यमिक शाला जंगलपुर संकुल केन्द्र के सात बच्चों का चयन राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता के लिए हुआ है। दुर्ग में आयोजित जोन स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर इन बच्चों का चयन हुआ है। अब ये बच्चे 6 अक्टूबर से रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दुर्ग जोन का प्रतिनिधित्व करेंगे।

संकुल प्राचार्य पूनाराम यादव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के व्यायाम शिक्षक मनीष कुमार पांडेय, तीरंदाजी कोच राहुल साहू और भोपेंद्र सिन्हा के मार्गदर्शन में बच्चों ने यह उपलब्धि हासिल की है। चयनित छात्र-छात्राओं में 19 बालिका वर्ग में भारती साहू पिता दुर्गा साहू कक्षा 12वी, 17 बालिका वर्ग में पम्मी सिन्हा पिता रुपेश सिन्हा कक्षा 10वी एवं हिमानी साहू पिता योगेंद्र साहू कक्षा 10वीं, 17 बालक वर्ग में अर्जुन पिता देवनारायण साहू कक्षा 11वीं, 14 बालक वर्ग में ईशान यादव पिता कृपाराम यादव कक्षा 8वीं शा.पूर्व मा. शाला जंगलपुर व टिकेश्वर साहू पिता योगेंद्र साहू कक्षा 7वीं शा.पूर्व मा. शाला रामपुर तथा 14 बालिका वर्ग में हर्षा साहू पिता दिलीप साहू कक्षा 8वीं शामिल हैं।

छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर संकुल प्राचार्य पूनाराम यादव, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जंगलपुर के प्रधान पाठक रिखी राम साहू, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रामपुर के प्रधान पाठक महादेव वाल्दे, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों तथा शिक्षकों ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

# स्टेट स्कूल की छात्राओं का फुटबॉल में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन



राजनांदगांव (दावा)। स्टेट स्कूल की 5 छात्राओं का चयन फूटबॉल में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है जिसमें अंडर-14 वर्ष में मिनाली बर्वे एवं अंडर-17 वर्ष में निहारिका बोरकर, प्राची मेश्राम तथा अंडर-19 वर्ष में गरिमा श्रीवास, दिपाली साहू का चयन हुआ है। सीनियर वर्ग की छात्रा आज दिनांक 06 अक्टूबर से 09 अक्टूबर तक रायपुर में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगे। छात्राओं के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन होने पर स्टेट स्कूल के प्राचार्य श्री पट्टा सर एवं समस्त स्टाफ ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। यह जानकारी स्टेट स्कूल के पीटीआई सुनील नागदौने ने दी।

# तंबाकू के दुष्प्रभाव एवं उसकी रोकथाम पर किया गया जागरुकता कार्यक्रम

डोंगरगांव (दावा)। स्वामी आत्मानंद स्कूल डोंगरगांव में डॉ. इशिता बागची, डॉ. किरण गायकवाड, बीएमओ डॉ. रागनी चन्द्रे एवं बीपीएम राकेश कुर्रे की उपस्थिति में शाला के सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक गणों को तंबाकू एवं उससे जुड़े दुष्प्रभाव पर चर्चा किया गया। शाला के बच्चों को तंबाकू से होने वाले बीमारियों के बारे में अवगत कराया गया। 2003 में लागू कोटपा एक्ट के बारे में भी जागरूक किया गया। स्वामी आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य एवं सभी स्टाफ के सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) खैरागढ़ जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका चंद्रकांता सिंह पति कमलेश्वर सिंह निवासी सिंगारपुर तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान, गण्डई के द्वारा ग्राम ठेलकाडीह प.ह.नं. 17 रा.नि.मं. ठेलकाडीह स्थित भूमि ख.नं. 208/6 रकबा 0.203 हे. में से रकबा 0.101 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए आवेदन पेश किया है। उक्त प्रकरण में आगामी सुनवाई दिनांक 16.10.2024 को नियत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी को दावा-आपत्ति पेश करना हो वह नियत दिनांक के पूर्व स्वयं/अपने अधिवक्ता/अपने द्वारा नियुक्त व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं, नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 03/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) खैरागढ़**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) खैरागढ़ जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका चंद्रकांता सिंह पति कमलेश्वर सिंह निवासी सिंगारपुर तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़ छुईखदान-गण्डई के द्वारा ग्राम ठेलकाडीह प.ह.नं. 17 रा.नि.मं. ठेलकाडीह स्थित भूमि ख.नं. 208/1 रकबा 0.202हे. में से रकबा 0.101हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए आवेदन पेश किया है। उक्त प्रकरण में आगामी सुनवाई दिनांक 16.10.2024 को नियत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी को दावा-आपत्ति पेश करना हो वह नियत दिनांक के पूर्व स्वयं/अपने अधिवक्ता/अपने द्वारा नियुक्त व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं, नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 03/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) खैरागढ़**

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202410092200006**

विषय : - अ-74 सन मामले की श्रेणी :
- राजस्व सन् 2024-2025
खोलारघाट (प ह न. 00026),
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार हेमंत कुमार.
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक हेमंत कुमार पिता ननकूसिंग जाति यादव सा खोतारघाट तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम खोलारघाट प.ह.न. 26 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 170 में खन. 173 रकबा 1.13.30हे कुल ख.न । कुल रकबा । 1330हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में हेमंतकुमार पिता ननकूसिंग जाति पादव सा खोलारघाट के नाम पर दर्ज है। उक्त कृषि भूमि का मूल कण पुस्तिका कहीं गुम हो गई है, जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना डोंगरगढ़ में दर्ज किया गया है। अतः उक्त भूमि आवेदित भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत निवेदन किया गया है। मो 6263831242

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 23.10.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/10/2024 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार तहसील डोंगरगढ़**

# झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ शिवनगर में चलाया सदस्यता अभियान- मनोज निर्वाणी

## पदाधिकारी कार्यकर्ता जिम्मेदारी का कर रहे हैं निर्वहन



राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज निर्वाणी ने बताया कि संगठन द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को लेकर झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ की सदस्यता अभियान की शुरुआत जोर-जोर से कर दी है.

आज भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ झोपड़ी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य देवशरण सेन, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के दक्षिण मंडल के संयोजक राजेश यादव, टैंकराम, शैलेंद्र साहू ने आज राजनंदगांव दक्षिण मंडल में शिव नगर में सदस्यता अभियान चलाया। आम जनता तथा कार्यकर्ताओं को भाजपा का सदस्य बनाया गया राजनांदगांव विधानसभा में अधिक से अधिक सदस्य बनने को लेकर कार्यकर्ता घर-घर पहुंच रहे हैं तथा जनता से आवाहन को आवाहन किया गया कि विधानसभा अध्यक्ष और विधायक डॉ रमन सिंह के रेफर कोड में आप सबको सदस्य बनना है ताकि अधिक से अधिक सदस्य राजनांदगांव विधानसभा में बन सके सदस्यता को लेकर के पांच टीम बनाई गई है प्रति टीम में तीन-तीन व्यक्तियों की टीम बनाई गई है यह टीम राजनांदगांव विधानसभा के उत्तर मंडल शहर दक्षिण मंडल शहर तथा ग्रामीण मंडल में सदस्यता अभियान को बढ़ावा देगी इस टीम मैं एक प्रमुख तथा दो सह प्रमुख बनाए गए हैं पहली टीम में देवशरण, राजेश यादव, सतीश रेवटकर हैं। दूसरी टीम अनिल नागवंशी, सुकृत गुप्ता अभिनव श्रीवास्तव की तीसरी टीम रजत वैष्णव गौरव सोनबॉयर तामेश्वर साहू हैं चौथी टीम में कृष्णा तिवारी प्रिंस भाटिया तथा विनोद तिरंगे हैं तथा पांचवी टीम में सुनील साहू प्रेम नारायण साहू हैं अभियान को गति दे रहे हैं।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.

289-9 250-7

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
ममा अऊ भांचा के मया... मोहित साहू कृत
चंदा मामा
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार -दिलेश साहू, दिया वर्मा, मास्टर अंश, जीत शर्मा, अनिरूद्ध ताम्रकार, अंजनी ठाकुर, जागेश्वरी मेश्राम आदि


ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
04th OCT to 10th OCT 2024
silver SCREEN


Devara (Hindi) - 11:45am, 03:00, 06:15 and 09:30 pm
Stree 2 - 12:15, 03:15, 06:15 & 09:15 pm
Joker Folie A Duex (English) - 06:00 & 09:00 pm
Last World War (Hindi) 12:00 & 03:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# गायत्री विद्यापीठ मैदान लायंस गरबा उत्सव-2024 की धूम



**गरबा नृत्य के लिए उमड़ रहे लोग, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर पुरस्कारों की बौछार**

राजनांदगांव (दावा)। शहर के गायत्री विद्यापीठ मैदान में शारदेय नवरात्रि पर्व पर लायंस गरबा उत्सव की धूम मची हुई है। रंग बिरंगी लाइट के चकाचौंध के बीच यहां लाइव म्यूजिक के साथ खेली जा रही गरबा में जमकर गरबा नृत्य का रंग बिखर रहा है वहीं नवरात्रि पर मातारानी के जय-जयकारे भी लग रहे हैं। लायंस के रंगारंग गरबा उत्सव में रास गरबा खेलने आने वाले लोगों को उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर पुरस्कारों की बौछारों से नवाजा जा रहा है।

क्वांर नवरात्रि पर्व के दूसरे दिन महिला बाल विकास के आगत अतिथि नीतू ठाकुर व दिव्या आर्य ने मां अंबे भवानी चंद्रघंटा की पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ पूजा अर्चना की और लायंस क्लब के इस भव्य आयोजन के लिए इसके पदाधिकारियों को बधाई दी। इस दौरान लायंस गरबा उत्सव के संयोजक बृजकिशोर सुरजन, गरबा चेयरमैन राजा माखीजा, लायंस क्लब अध्यक्ष तरुणदीप अरोरा, गरबा कोषाध्यक्ष संतोष लोहिया एवं गरबा को- चेयरमैन श्रीमती शारदा तिवारी व राजकुमार शर्मा प्रकाश सांखला आदि लायंस उपस्थित थे। लाइव म्यूजिक के मधुर-मधुर धुनों के साथ संपन्न हुई मां अंबे भवानी मातारानी की पूजा के बाद लोगों में जो गरबा का रंग चढ़ा वह देखने लायक था। क्या बड़े-बूढ़े एवं महिलाएं व पुरूषों सहित युवक युवतियां व बच्चे भी जमकर गरबा खेले जिससे मातारानी के प्रति उमड़ी श्रद्धां-भक्ति का रंग चहुं ओर बिखरा रहा। इससे गायत्री विद्यापीठ का मैदान गरबा के रंग में सराबोर हो उठा रहा है। नवरात्रि के दूसरे दिन से ही भव्य रूप से सजे गायत्री विद्यापीठ मैदान बड़ी संख्या में लोगों ने गरबा का आनंद लिया और जमकर गरबा खेले गरबा खेलने उमड़ रही भारी भीड़ के चलते गरबा की मस्ती चहुं ओर छा रही है। नवरात्रि के दूसरे दिन मातारानी की पूजा अर्चना के बाद आगत अतिथियों ने भी लाइव म्यूजिक के धुन में ताल से ताल मिलाते हुए जमकर गरबा खेले। इस दौरान गरबा उत्सव का मैदान उत्साह उल्लास से भरा रहा और लोग अपने आपको गरबा खेलने से रोक नहीं पाए और अतिथियों के साथ उन लोगों ने भी जमकर गरबा खेली जिससे रास-डांडिया, गरबा उत्सव का रंग चहुंओर बिखरे रहा।

नवरात्रि के दूसरे दिन लायन्स क्लब के गरबा उत्सव में भाग लेकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले को गिफ्ट हेंपर पुरस्कार दिया गया, जिसमें बेस्ट ड्रेस् में लोगों ने इस दौरान माता जी के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित कर मातारानी की जय जयकार के नारे लगाए। इससे समुचा वातावरण भक्तिमय हो उठा। मातारानी की भक्ति के साथ उल्लास में डुबे भक्त जन व गरबा टीम द्वारा डीजे के धुन में ऐसे पैतरे दिखाए कि लोग दंग रह गये। बाहर से आए इवेंट कलाकारों के लाइव म्यूजिक के बीच रंगबिरंगी लाइट की चकाचौंध रौशनी व कैमरों में कैंद होती छवि से कोई भी गरबा प्रेमी बच नहीं पाया और पूरे मज़े के साथ गरबा खेलते रहे जिनका उत्साह वर्धन लायन्स क्लब के पदाधिकारियों ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लायंस क्लब के पदाधिकारियों सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# शिवनाथ वाटिका में मातारानी की भक्ति और गरबा का जश्न



**संस्कारधानी गरबा उत्सव समिति द्वारा शिवनाथ वाटिका में दूसरे दिन विजेताओं को किया गया पुरस्कृत**

राजनांदगांव (दावा)। शारदेय नवरात्रि पर्व पर संस्कारधानी गरबा उत्सव समिति द्वारा शिवनाथ वाटिका में दूसरे दिन गरबा उत्सव की धूम रही। रंग-बिरंगी रोशनी, शानदार संगीत और मातारानी की भक्ति से ओत-प्रोत इस गरबा महोत्सव में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। गरबा के दौरान विभिन्न श्रेणियों में प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसके बाद विजेताओं को सम्मानित किया गया। दूसरे दिन के गरबा उत्सव में सर्वश्रेष्ठ गरबा नृत्य और परिधानों के आधार पर विजेताओं को ट्रॉफी दी गई। बेस्ट गरबा मेल का खिताब पियूष वर्मा ने जीता, जबकि बेस्ट गरबा फीमेल का खिताब रोहिणी देशमुख के नाम रहा। इसके अलावा निलेश सहारे को बेस्ट ड्रेसअप मेल और शुभांगी शर्मा को बेस्ट ड्रेसअप फीमेल के खिताब से नवाजा गया। बेस्ट कपल के रूप में यश यादव और वंदना को चुना गया, वहीं बच्चों की श्रेणी में वान्या चंद्रकार को बेस्ट किड का पुरस्कार मिला। इसके अलावा, आयोजन समिति द्वारा विशेष रूप से सिल्वर स्क्रीन टिकट के विजेताओं की घोषणा भी की गई, जिसमें आरती मंजार, निशा मंजार, मौली बख्शी, दीपाली साहू और नितिन रूचंदानी को पुरस्कार स्वरूप टिकट दिए गए। कार्यक्रम में उपस्थित शहर के गणमान्य नागरिकों ने विजेताओं को बधाई दी और उनके प्रदर्शन की सराहना की। आयोजकों ने बताया कि इस बार का गरबा उत्सव न केवल धार्मिक भावनाओं से ओत-प्रोत रहा, बल्कि लोगों ने सामाजिक रूप से भी इस आयोजन का भरपूर आनंद लिया।

# आज से सनसिटी में तीन दिवसीय गरबा महोत्सव



राजनांदगांव (दावा)। महावीर सन सिटी सोसायटी में दिनांक 6 से 8 अक्टूबर तक अध्यक्ष आनंद चोपड़ा के नेतृत्व में तीन दिवसीय गरबा महोत्सव का शानदार आयोजन रखा गया है, जिसमें इस वर्ष अलग-अलग थीम के बीच गरबे का रंग जमेगा। प्रथम दिवस 6 अक्टुबर को कोलकाता बंगाल का प्रसिद्ध बंगाली थीम के बीच सिंदूर खेला के साथ गरबा होगा। 7 अक्टु. को विभिन्न राज्यों की चमक के साथ अनेकता में एकता थीम पहली बार रखी गई है, जिसमें हरेक राज्य की वेशभूषा देखने को मिलेगी। इसी कड़ी में 8 अक्टूबर को रास गरबा की सबसे मुख्य थीम गुजरात की छटा बिखेरते हुए गुजराती थीम के बीच पारंपरिक वेशभूषा के साथ गरबा होगा। सभी सहयोगी परिवार हेतु रोज रात को हाई टी की व्यवस्था भी रहेगी।

कार्यक्रम के संयोजक सुशील माहेश्वरी, राहुल कोठारी, विनय गोयल होंगे। आयोजन की पूरी तैयारी में सचिव दिलीप गोलछा कोषाध्यक्ष राजेश डागा, अतुल चोपड़ा, अशोक अग्रवाल सहित कार्यकारणी की टीम लगी हुई है, बास्केटबाल ग्राउंड परिसर में भव्य सजावट की जा रही है। इस तीन दिवसीय गरबा महोत्सव के प्रभारी कीर्ति अग्रवाल, दीप्ति बिंदल, रितिका तिवारी, पिंकी माहेश्वरी, देविका मानेक, रूपा कोटक, प्रगति साहिता, प्रिया भोजानी, ट्विंकल चोपड़ा, विभा गुप्ता, निशा डागा, अर्पिता जेठानी, रुचि श्रीवास्तव, गीता डागा, तान्या, देवी के साथ ही महिलाओं की टीम लगी है, इसमें अनेक सांत्वना पुरस्कार के साथ-साथ प्रतिदिन सहयोगी परिवार के लकी ड्रा भी रहेगा। साथ ही महिलाओं की टीम द्वारा विशेष प्रदर्शन रास की प्रस्तुति दी जायेगी। पूरी जानकारी पीआरओ मनीष साहिता, योगेश कोटक द्वारा दी गई।

# स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रदायगी शत-प्रतिशत सुनिश्चित करें - कलेक्टर

**कलेक्टर ने राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक ली**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में जिले के सभी विकासखंड में राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में सभी स्वास्थ्य संस्थाओं के स्वास्थ्य कार्यकार्ताओं को कार्य मुख्यालय पर रहकर कार्य संपादित करने एवं समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम मेटरनल हेल्थ, संस्थागत प्रसव, शिशु टीकाकरण, यू-विन पोर्टल में शत-प्रतिशत एण्ट्री, परिवार नियोजन, सिकलसेल कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, एकीकृत निगरानी कार्यक्रम, आयुष्मान कार्ड पंजीयन, राष्ट्रीय तंबाकू निषेध कार्यक्रम, मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। उन्होंने कम प्रगति वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं योजनाओं में प्रगति लाने एवं आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। जिले के सभी जनसामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करने एवं सभी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को बेहतर कार्य करने के लिए कहा। कार्य में प्रगति नहीं होने पर आगामी माह में वेतन रोकने की कार्यवाही करने की चेतावनी दी। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन सहित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के सभी जिला नोडल अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला मीडिया प्रभारी, जिला डाटा मैंनेजर, सभी विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी, जिला प्रमुख सलाहकार एवं विकासखण्ड के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# डॉ. जे.बी. सिंह मेमोरियल स्कूल में बोर्ड क्लासेस के कोर्स कम्प्लीट



**प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये कोचिंग**

राजनांदगांव (दावा)। देश के प्रमुख शैक्षिक संस्थानों की तर्ज पर डॉ जेबी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बोर्ड परीक्षाओं के लिए कोर्स कंप्लीट कर लिया गया है। शिक्षकों ने अतिरिक्त समय एवं समर्पण देकर कोर्स को समय पर पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रिवीजन के माध्यम से छात्रों को नई शिक्षा नीति पर आधारित प्रश्न पत्र पैटर्न पर पूरे कोर्स का रिवीजन कराया जाएगा, जिससे वे आगामी बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सके। छुट्टियों के बाद प्री बोर्ड परीक्षाएं ली जाएंगी जिसमें साल भर के पूरे कोर्स पर आधारित प्रश्न होंगे।

एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल ने कहा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में हम बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा देने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। हमारा उद्देश्य छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करना है। संस्थान में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। छात्रों की सफलता के लिए पालकों का संस्था को समर्थन और बच्चों को उचित मार्गदर्शन आवश्यक है। छुट्टियों के दौरान भी बच्चों को किसी भी विषय में कोई डाउट होने पर वह अपने शिक्षकों से दूरभाष के माध्यम से या व्हाट्सएप के माध्यम से अपनी संकल्पनाओं को क्लियर कर सकते हैं। यह जानकारी परीक्षा विभाग प्रमुख ममता मिश्रा ने दी।

# आबकारी ने की अवैध शराब जब्त



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशन में वृत्त चिचोला की आबकारी टीम एसआई राजकुमार कुर्रे के नेतृत्व में नियमित गश्त और हाईवे के किनारे स्थित होटल/ढाबा की जांच के दौरान आज गांव में मल्ली ढाबा के मालिक मुकेश कुमार के कब्जे से एमपी निर्मित गोवा स्पेशल व्हिस्की के 55 पोव्वा जब्त किए। थाना बागनदी अंतर्गत सड़क बंजारी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके खिलाफ उत्पाद अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# डोंगरगांव शहर में पदयात्रियों का सेवा पंडाल नहीं, बड़ी संख्या में डोंगरगढ़ जाते है पदयात्रियों का जत्था



डोंगरगांव (दावा)। नगर में विगत कुछ वर्षों पहले तक नवरात्रि के अवसर पर पदयात्रियों के लिए सेवा पंडाल लगाया जाता रहा है लेकिन अब यह व्यवस्था बंद हो चुका है, बात दें के डोंगरगांव शहर से होकर बड़ी संख्या में वनांचल के पदयात्रियों का बड़ा जत्था माँ बम्लेश्वरी दर्शन के लिए डोंगरगढ़ के लिए निकलता है। हाल ही में ग्राम छिंदीबीरीह और कलडबरी के युवा साथी मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए पैदल यात्रा करते हुए डोंगरगढ़ के लिए रवाना हुए हैं। इतना ही नहीं अंबागढ़ चौकी, मोहला, मानपुर, औंधी तक के पदयात्री इसी रास्ते से डोंगरगढ़ के लिए निकलते हैं. ऐसे में नगर के सेवाभावी लोगों की कमी देवी भक्तों के लिए सहाय नहीं बन पा रहे हैं और पदयात्रियों को आराम करने व चिकित्सा सुविधा के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है।

# कोतवाली पुलिस द्वारा स्टेट स्कूल में सायबर जागरूकता अभियान

**जागरूकता पखवाड़ा में 200 स्कूली छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित**



राजनांदगांव (दावा)। सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा शहर के स्टेट स्कूल में सायबर जागरूकता पखवाड़ा अभियान आयोजित किया गया। जिसके तहत सायबर क्राईम से बचने एवं नशे से दूर रहने तथा यातायात सुरक्षा नियमों का पालन करने की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में स्कूल के लगभग 200 छात्र-छात्राएं व शिक्षक गणों ने भाग लिया।

कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि शनिवार 15 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के दिशा निर्देश पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा शहर के स्टेट स्कूल में सायबर जागरूकता पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत प्रचार प्रसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित छात्र छात्राओं को शिक्षकगण व पालकों की उपस्थिति में सायबर क्राईम, सायबर ठगी की रोकथाम एवं सायबर क्राईम के बचाव हेतु सोशल मिडिया, फेसबुक इंस्टाग्राम, टिवटर का सावधानी पूर्वक अपने माता पिता की उपस्थिति में ही उपयोग करने व उनसे होने वाले साइबर फ्राड से बचने संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा साइबर संबंधी फ्रॉड हो जाने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तत्काल सूचना देने की जानकारी दी गई, इसके साथ ही नशा उन्मूलन के तहत धुम्रपान से दूर रहने एवं सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम हेतु वाहन चलाते समय यातायात सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करने विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी श्री साहू, सहित उपनिरीक्षक धनीराम नारंगे, महिला प्रधान आरक्षक धनसिर भुआर्य, प्रधान आरक्षक चंद्रेश सिन्हा एवं थाना स्टॉफ उपस्थित रहे।

# गुजराती स्कूल में नवा बिहान सायबर एवं नशा मुक्ति अभियान पर कार्यशाला संपन्न





राजनांदगांव (दावा)। थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन, उप निरीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक दीपक जैसवाल, आरक्षक प्रवीण मेश्राम एवं आरक्षक जमींद्र वर्मा, थाना बसंतपुर द्वारा आज 5 अक्टूबर को गुजराती राष्ट्रीय उ.मा. शाला में नवा बिहान साइबर एवं नशा मुक्ति अभियान पर छात्र-छात्राओं को कार्यशाला के माध्यम से जानकारी दी।

उक्त कार्यशाला का प्रारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस व्याख्यान में साइबर सुरक्षा से बचाव एवं सावधानी से संबंधित सभी विशेष बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। साथ ही टोल फ्री नंबर 1930 का महावत भी बताया। उक्त कार्यक्रम में नशा मुक्ति पर प्रकाश डालते हुए किसी भी तरह के व्यसन से दूर रहने की सलाह दी, साथ ही अपना खुद का उद्धाहरण दे कर अपने जीवन में कैसे मनचाही सफलता प्राप्त कर सकते हैं यह भी बताया। इस कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य, मैनेजमेंट, शिक्षकगण व छठवीं से बारहवीं तक छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुश्री प्रिया साहू ने किया। उक्त जानकारी शाला के एडमिनिस्ट्रेटर तारिक लालानी ने दी।

# ऑनलाइन प्रविष्टि हेतु पोर्टल प्रारंभ करने प्रतिदिन 1000 रूपये जुर्माना वसूल करना अनुचित - फेडरेशन

**बोर्ड ऑनलाइन कार्य के लिए विद्यालयों में कम्प्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति करें - फेडरेशन**







राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के पत्र क्रमांक डी-537/परीक्षा/2024 रायपुर दिनांक 1 अक्टूबर के द्वारा परीक्षा वर्ष 2025 हेतु विद्यार्थियों के ऑनलाइन प्रविष्टि हेतु पुनः पोर्टल प्रारंभ करने के लिये विलंब शुल्क प्रतिदिन 1000 रूपये के दर से जुर्माना वसूल करने के आदेश अव्यवहारिक एवं प्रताड़नापूर्ण बताया है।

फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, प्रांतीय प्रमुख महामंत्री सतीश ब्यौहरे, जिला संरक्षक मुकुल साव, जिला अध्यक्ष पीआर झाड़े, पीएल साहू, जितेंद्र बघेल, बृजभान सिन्हा, वीरेंद्र रंगारी, शीरीष पांडे, हेमंत पांडे, पुष्पेन्द्र साहू, उत्तम डड़सेना, द्रोण साहू, सीमा तरार, यामिनी साहू, रमेश साहू, संजीव मिश्रा, संगीता ब्यौहरे, अभिषिक्त फंदियाल, स्वाति वर्मा, सुधांशु सिंह, सोहन निषाद, अब्दुल कलीम खान, सीएल चंद्रवंशी, राजेन्द्र देवांगन, सीआर वर्मा, हीरालाल गजभि एवं अनिल साहू का कहना है कि यह आदेश को शासकीय स्कूलों के लिए राज्य शासन के कल्याणकारी नीति के विरुद्ध है। फेडरेशन ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव, संचालक लोक शिक्षण एवं सचिव छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल को ई-मेल भेजकर कड़ा आपत्ति दर्ज किया है।

फेडरेशन का कहना है कि 31 जुलाई तक शाला प्रवेश का अंतिम तिथि होता है। कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रवेशित विद्यार्थियों का ऑनलाइन प्रविष्टि 31 अगस्त तक बोर्ड द्वारा निर्धारित किया गया है, लेकिन शासकीय विद्यालयों में अधिकांश विद्यार्थी गरीब परिवार से आते हैं।

विद्यार्थियों के माता-पिता मेहनत, मजदूरी कर, परिवार का पालन पोषण करते हैं। आर्थिक तंगी के फलस्वरूप स्कूल में प्रवेश के निर्धारित समय में अपने बच्चों का प्रवेश शुल्क एवं बोर्ड परीक्षा शुल्क जमा करने में असमर्थ रहते हैं, लेकिन राज्य शासन के मंशा अनुसार सबको शिक्षा देने के उद्देश्य से स्कूलों के प्राचार्य, विद्यार्थियों को शिक्षा की धारा से जोड़े रखने प्रवेश दे देते हैं। कुछ मामलों में प्राचार्य-शिक्षक-विद्यार्थियों का फीस जमा करते हैं, लेकिन बहुतायत मामलों में यह संभव नहीं हो पाता है। जिसके कारण अनेक मामलों में विद्यार्थियों की ऑनलाइन प्रविष्टि चाहकर भी निर्धारित समय में नहीं हो पाता है। ऐसी परिस्थिति में यदि ऑनलाइन प्रविष्टि में देरी के कारण विद्यालयों से जुर्माना वसूला जाएगा तो भविष्य में यह प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के हित में नहीं होगा।

फेडरेशन का कहना है कि पोर्टल को खोलने के लिए छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के द्वारा दिनांक 31.8.24 के पश्चात संबंधित संस्था (स्कूलों) से मंडल को पत्र प्राप्ति तिथि अथवा जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त एग्जाई सूची दिनांक 25 सितंबर तक प्रति दिवस 1000 रूपये के दर से जुर्माना वसूला जा रहा है अर्थात 25 दिवस का 25000 रूपये जुर्माना, जो कि शासकीय विद्यालयों के लिये अव्यवहारिक एवं प्रताड़नापूर्ण है। उल्लेखनीय है कि अशासकीय विद्यालयों का भी कमोबेश यही स्थिति है।

फेडरेशन का कहना है कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल का विद्या पोर्टल vidia.cgbse.nic.in में शालावार शिक्षक संवर्ग एवं विद्यार्थियों की जानकारी प्रविष्ट करने का कार्य करना होता है। कभी-कभी कंप्यूटर-इंटरनेट में तकनीकी खराबी के कारण कार्य प्रभावित होता है। युडाइस एंट्री, स्कॉलरशिप और बोर्ड कार्य एक ही समय-सीमा में किये जाने के कारण कार्यभार बढ़ जाता है। संस्था में संसाधनों की कमी तथा तकनीकी जानकर कर्मचारी (कम्प्यूटर ऑपरेटर) के अनुपलब्धता के कारण तकनीकी त्रुटि हो जाता है। बोर्ड के प्रशासकीय एवं वित्तीय समिति को मैदानी क्षेत्र के समस्याओं के दृष्टिगत निर्णय लेना चाहिये। शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों से नाम मात्र वार्षिक शुल्क शासन के आदेशानुसार लिया जाता है। विद्यालय के अनेक कार्यप्रयोजन, शासन से प्राप्त आबंटन पर निर्भर रहता है।

सेजस स्कूलों में फीस का प्रावधान ही नहीं है। संपूर्ण कार्य शासन से आबंटन पर निर्भर रहता है। ऐसे स्थिति में माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा भारी भरकम जुर्माना लगाया जाना अनुचित है। बोर्ड को ऑनलाइन प्रविष्टि हेतु पोर्टल को निशर्त खोलना चाहिये। अन्यथा क्या प्राचार्य-शिक्षक बोर्ड के जुर्माना को अपने जेब से भरेंगे?

# किसान निधि की 18वीं किस्त जारी होने पर किसानों में हर्ष-कोमल सिंह राजपूत



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने केंद्र में बैठी नरेंद्र मोदी सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि किसानों के हितार्थ योजनाओं के क्रियान्वयन में मोदी सरकार ने हर मोर्चे पर किसानों का साथ दिया है।

खाद की सब्सिडी हो या किसान सम्मान निधि सभी में मोदी सरकार लगातार अनवरत रूप से किसानों के हित में कार्य कर रही है, वर्तमान में मोदी सरकार ने 18वीं किस्त किसान सम्मांन निधि में देश के लिए 9.4 करोड़ से अधिक कृषकों को 20000 करोड रुपए से अधिक की धनराशि सम्मान निधि के रूप में महाराष्ट्र से जारी की, जिससे किसानों में हर्ष व्याप्त है और सभी किसान मोदी सरकार से प्रसन्नचित हैं श्री राजपूत ने कहा कि विपक्षी लोग यह कहा करते थे कि मोदी की किसानों के हित में सम्मान निधि की राशि चुनाव के बाद बंद हो जाएगी, यह चुनावी शिगूफा है, परंतु मोदी जी ने लगातार सम्मान निधि को जारी करते हुए यह सिद्ध कर दिया कि पूरे विश्व में इतनी बड़ी संख्या में किसानों को अंश राशि देने का प्रतिमा न मोदी जी ने बनाया है।

## अनमोल दावा

> **क्रोध और गुस्सा मनुष्य को तभी आता है, जब वह अपने को कमजोर और हारा हुआ मान लेता है।**

# लोक से संवाद का अनूठा प्रयोग, शासक का संवाद लोकतंत्र की कामयाबी के लिए जरूरी

आधुनिक लोकतंत्र की पहली शर्त है लोक का चुने हुए शासक से सीधा संवाद। इस संवाद के माध्यम और तरीके पर हमेशा से चिंतन होता रहा है। इन अर्थों में आकाशवाणी पर प्रसारित हो रहे 'मन की बात' कार्यक्रम को लोक संवाद की आधुनिक व्यवस्था कहा जा सकता है। रेडियो के इतिहास में 'मन की बात' संभवत पहला कार्यक्रम है जो इतना नियमित है।

महाकवि कालिदास के प्रसिद्ध नाटक अभिज्ञान शाकुंतलम् का एक दृश्य है, जहां एक व्यक्ति न्याय की अपेक्षा में राजा दुष्यंत के महल में तीन बजे भोर में पहुंचता है। वह द्वारपाल से राजा से मिलने की अनुमति मांगता है। वह कुछ संकोच भी कर रहा है कि राजा कहीं विश्राम कर रहे होंगे। तब द्वारपाल उस व्यक्ति को समझाता है कि यह आपका लोकतांत्रिक अधिकार है कि अपने राजा से कभी भी मिल सकते हैं। ऐसा अधिकार उस राजतंत्रिक व्यवस्था में था, जिसे हम पुरातनपंथी मानते हैं। आधुनिक लोकतंत्र की जटिलताओं के चलते आज के शासक से मिलना आमजन के लिए संभव ही नहीं है। कहीं-कहीं जनता दरबार जैसी संकल्पनाएं हैं भी तो उनमें भी दुष्यंत जैसा लोकतांत्रिक सोच नहीं है। आधुनिक लोकतंत्र की पहली शर्त है, लोक का चुने हुए शासक से सीधा संवाद। इस संवाद के माध्यम और तरीके पर हमेशा से चिंतन होता रहा है। इन अर्थों में आकाशवाणी पर प्रसारित हो रहे 'मन की बात' कार्यक्रम को लोक संवाद की आधुनिक व्यवस्था कहा जा सकता है। रेडियो के इतिहास में 'मन की बात' संभवतः पहला कार्यक्रम है, जो इतना नियमित है। हाल में इसने एक दशक का सफर पूरा कर लिया। सबसे अहम बात यह है कि यह कार्यक्रम तब रेडियो पर आया, जब संचार माध्यमों की क्रांति अपने उफान पर थी।

इंटरनेट के विस्तार और विकास ने दो मोर्चों पर संचार माध्यमों को प्रभावित किया है। उसने खुद में सारे माध्यमों मसलन प्रिंट, रेडियो और टीवी को तो आत्मसात किया ही, खुद को सभी रूपों में एक साथ विस्तारित भी किया। ऐसे माहौल में प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' के जरिये देश को संबोधित करना शुरू किया, जिसकी वजह से दूसरी पीढ़ी के माध्यम यानी पारंपरिक रेडियो की लोकप्रियता को नई गति मिली। हालांकि इसकी वजह से मोदी अपने राजनीतिक विरोधियों के निशाने पर भी रहे। उन्हें अक्सर यह उलाहना भी सुनना पड़ा कि उन्हें 'जन की बात' करनी चाहिए। सार्वजनिक माध्यम के जरिये जनता को संबोधित करने की पहली कोशिश पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट ने की थी।

दूसरे विश्व युद्ध की आहट की वजह से जहां अमेरिकी बैंकिंग व्यवस्था चरमराने लगी थी, वहीं जर्मनी के हिटलर प्रशासन की ओर से खूब प्रोपेगंडा फैलाया जा रहा था। ऐसे माहौल में रूजवेल्ट को लगा कि अमेरिकी लोगों को सांत्वना देने और दुनिया को अफवाहों से बचाने के लिए उनके सामने सही बात रखी जानी चाहिए। इसके लिए रेडियो उन्हें ज्यादा प्रभावी माध्यम लगा, जिसके जरिये अपनी बात तुरंत लोगों तक पहुंचाई जा सकती थी। रूजवेल्ट ने इस कार्यक्रम का नाम फायरसाइड चैट दिया, जिसके जरिये उन्होंने अमेरिका और दुनिया को अमेरिका के रुख से न सिर्फ परिचित कराया, बल्कि ध्वस्त होने के कगार पर पहुंची अमेरिकी बैंकिंग व्यवस्था को बचाने के लिए की जा रही अपनी सरकार की कोशिशों की जानकारी भी दी। फायरसाइड चैट के जरिये उन्होंने लोगों की राय बदल दी। 1933 में शुरू हुआ उनका यह रेडियो संवाद 1944 तक जारी रहा। हालांकि उसमें रुकावट भी आ जाती थी। इसकी तुलना में 'मन की बात' नियमित है।'मन की बात' के पहले एपिसोड का प्रसारण तीन अक्टूबर, 2014 को हुआ, जिसका विषय एक दिन पहले ही शुरू हुआ 'स्वच्छता अभियान' था। उस दिन शुक्रवार था और दशहरा का पावन त्योहार भी। तब से लेकर मार्च 2015 तक महीने के आखिरी शुक्रवार को ही इसका प्रसारण होता रहा, लेकिन बाद में महीने के आखिरी रविवार का दिन तय हुआ। तब से प्रसारण का यही दिन नियत है। इस कार्यक्रम में सामाजिक बदलाव ला रहे स्थानीय नायकों का खूब उल्लेख होता है। बिहार की किसान चाची हों या कश्मीर का शिकारा चलाकर परिवार पालता बच्चा या फिर वाराणसी के गंगा घाट की सफाई का अभियान शुरू करने वाली छात्राएं हों, ऐसे तमाम लोगों की इस कार्यक्रम में चर्चा हुई है। इनके जरिये सामाजिक बदलाव लाने वाले लोगों को समाज के सामने प्रेरक के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इस कार्यक्रम में उस महीने विशेष के त्योहारों के जरिये भी सांस्कृतिक और आर्थिक आयामों को प्रस्तुत किया जाता है।मेक इन इंडिया, लोकल के प्रति वोकल, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, खेती-किसानी में नवाचार, खिलौना उद्योग का विस्तार, स्टार्टअप, अंगदान की महत्ता जैसे तमाम विषय हैं, जिन पर प्रधानमंत्री ने खुलकर चर्चा की और उन पर लोगों का ध्यान भी गया है। जल संरक्षण, त्योहारों पर भारतीय वस्तुओं की खरीद, खादी का कम से कम एक वस्त्र जरूर खरीदने की अपील हो या फिर नवीकरणीय ऊर्जा की बात, सामाजिक और सांस्कृतिक बदलाव लाने वाले ऐसे कई मुद्दों पर प्रधानमंत्री मोदी ने इस एक दशक में खुलकर चर्चा की है।

# शख्सियत... सुर-साधना ही है देव साहू के जीवन का लक्ष्य, बांसुरी की मधुर तान खींच लेती है हर किसी का ध्यान..

**डॉ. सूर्यकांत मिश्रा**

राजनांदगांव (दावा)। 'गुदड़ी का लाल' और 'होनहार बिरवान के होत चिकने पात' इन दोनों कहावतों को मैने अपने शैक्षणिक काल से अनेक बार तुलनात्मक रूप से सुन रखा था। जब मुझे इन दोनों का अर्थ समझ आया तो मैंने भी इनका भरपूर उपयोग शुरू कर दिया। आज अचानक एक ऐसे शख्स से मुलाकात हुई, जिससे कुछ समय का ही परिचय हो पाया था। जब मैंने उस युवक के अंदर छिपी प्रतिभा के विषय में सुना तो मेरा मन मचल उठा, उससे मिलकर अपने कौतूहल को शांत करने मैं उस शख्स से समय लेकर कुछ पल बैठने बेचैन हो उठा। मेरे अपने शहर से सटे ग्राम ढोडिया में रहने वाले संगीत साधक देव कुमार साहू से मेरी पहली मुलाकात स्थानीय गायत्री विद्यापीठ में हुई थी। वे वहां संगीत शिक्षक के रूप में बच्चों के मन-मस्तिष्क में मां सरस्वती और सुर साधना का अंकुरण कर रहे थे। प्राचार्य श्रीमती वत्सला अय्यर के दिशा-निर्देश पर शाला परिसर में गणेशोत्सव के आयोजन में मैने पहली बार देव कुमार साहू के गायन को सुना और उनके कंठ में विराजमान मां सरस्वती के दर्शन किए।

जिले के छोटे से ग्राम ढोडिया के धन्नू राम साहू एवं श्रीमती विद्या साहू के परिवार में ज्येष्ठ पुत्र के रूप में जन्मे देव कुमार साहू ने एक ओर जहां साहू परिवार को गौरवान्वित किया है, वहीं उन्होंने राजनांदगांव की साहित्य धरा को भी इतराने का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने इस बात की भी पुष्टि की है कि इस धरती ने बल्देव प्रसाद मिश्र, पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी, गजानन माधव मुक्तिबोध के साथ डॉ. नंदूलाल चोटिया, खुमनलाल साव और न जाने कितनों को वह अवसर प्रदान किया है जिस पर जिला ही नही प्रदेश और देश गर्व कर रहा है। संगीत को अपने जीवन का सार मानने वाले श्री साहू की प्रारंभिक शिक्षा गांव के वातावरण में ही ग्राम ढोडिया में संपन्न हुई। मिडिल और हाईस्कूल की पढ़ाई उन्होंने ग्राम हल्दी में पूरी की। अत्यंत ही सामान्य और कृषक परिवार में जन्मे देव कुमार साहू ने बाद में हायर सेकेंड्री की पढ़ाई के लिए गुजराती स्कूल राजनांदगांव में प्रवेश लिया। वह गुजराती स्कूल ही था जहां उनकी गायन की प्रतिभा को पंख मिले। अवसर था कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों की बिदाई समारोह का। ऐसे में कक्षा 11 वीं के छात्रों को अपने वरिष्ठों के सम्मान में कुछ न कुछ प्रस्तुति देनी थी। जब शिक्षकों ने पूछा - देव तुम क्या करोगे ? तब देव ने बड़ी सहजता के साथ कहा मैं गीत गाऊंगा! इससे पूर्व उन्हें इस रूप में कोई नहीं जानता था। कारण यह कि देव साहू बहुत शांत स्वभाव का था और कभी अपने इस गुण की चर्चा नहीं कर पाया था। जब उन्होंने गीत प्रस्तुत किया तो मुक्त कंठ से उन्हें सराहना मिली। यूं तो उन्होंने कक्षा 6वीं से मंचीय कार्यक्रमों में हिस्सा लेना शुरू कर दिया था, किंतु पहचान मिलना शेष था। छत्तीसगढ़ी गीत की शानदार प्रस्तुति के बाद उनके गुरुगण राकेश शर्मा, उमेश्वर श्रीवास्तव, वंदना अवस्थी तथा सारिका द्विवेदी ने उनकी साधना को उच्च स्तरीय मानते हुए उन्हें खैरागढ़ संगीत विश्व विद्यालय जाने का सुझाव दिया।



अपने गुरुओं के सुझाव को पूर्ण सम्मान देते हुए देव कुमार साहू ने खैरागढ़ संगीत विश्व विद्यालय को मां सरस्वती का मंदिर मानकर प्रवेश लिया। उन्होंने वहां से एम ए संगीत की उपाधि 2003-04 प्राप्त की। यहीं पर उन्होंने बांसुरी वादन, हारमोनियम तथा बैंजो वहां के डॉ. बिहारीलाल ताराम के आशीर्वाद तले सीखा। इसी संगीत विश्व विद्यालय के प्रोफेसर नमन दत्त तिवारी ने उन्हें सुगम संगीत के गुर में पारंगत किया। साथ ही डॉ. भालचंद्र पंचाक्षरी ने देव कुमार की संगीत साधना को पंख लगाते हुए शास्त्रीय संगीत की शिक्षा प्रदान की। देव कुमार साहू ने अपने प्रारंभिक काल में गुरुकुल नगपुरा में भी संगीत शिक्षक के रूप में सेवाएं दीं। अपनी इसी सरस्वती सेवा के चलते देव कुमार साहू ने सन 2011 में राजनांदगांव केसरनगर स्थित गायत्री विद्यापीठ में संगीत शिक्षक के रूप में सेवाएं देना शुरू की। प्राचार्य श्रीमती वत्सला अय्यर के विशेष सानिध्य में उन्होंने प्रत्येक शालेय आयोजन में अपनी संगीत की शिक्षा का भरपूर प्रदर्शन किया। फिर वह प्रतिदिन की प्रार्थना सभा को संगीतमय बनाना हो या वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन हो या अंतरशालेय सुंदरकांड प्रतियोगिता का अवसर हो, बिना देव कुमार की बांसुरी, हारमोनियम और तबले के रंगत का आना संभव न होने वाली बात के रूप में सामने आने लगा। वर्ष 2023 तक गायत्री स्कूल में बच्चों को संगीत की शिक्षा देते हुए (12 वर्षों तक) देव कुमार साहू ने अपनी एक अलग पहचान बना ली। इसका सारा श्रेय वे प्राचार्य श्रीमती वत्सला अय्यर को देते हुए कहते हैं कि उन्होंने मेरी विद्या को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

संगीत साधक देव कुमार साहू कहते हैं कि मेरे लिए यह बड़े गर्व की बात है कि मैंने जहां से संगीत के स्वरों को अपने जीवन में उतारा, आज उसी विश्व विद्यालय के ध्वनि शास्त्र विभाग ने उन्हें 'तकनीशियन साउंड रिकॉर्डिंग' के पद पर कार्य करने का सु-अवसर प्रदान किया। खैरागढ़ संगीत विश्व विद्यालय ने उनके जीवन में उस उजियारे को जन्म दिया है, जो अमावस्या की रात को भी पूर्णिमा में परिवर्तित कर रहा है। संगीत की हर बारीकी में रम चुके देव कुमार साहू राजनांदगांव की विभिन्न भजन मंडलियों में सिंथेसाइजर बजाकर लोगों के आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं। गायन को वे अपने जीवन की सबसे बड़ी विधा मानते हैं। आज देव कुमार साहू खुद अपने द्वारा स्थापित 'तीरथ आस्था भजन ग्रुप' का संचालन करते हुए मुख्य गायक की भूमिका में हैं। उनके मुख से सुंदर काण्ड की चौपाइयां इस तरह फूट पड़ती है, मानो श्री साहू का जन्म उन्हें गाने के लिए ही हुआ हो। केवल संगीत तक खुद को सीमित न रखते हुए श्री साहू ने पीजीडीसीए और बीएड तक की शिक्षा ग्रहण कर यह बताने का प्रयास किया है कि शिक्षा का मार्ग कभी बंद नहीं किया जाना चाहिए। इसी क्रम में उन्होंने एम एस डिजिटल स्टूडियो से रिकॉर्डिंग का गुर भी सीखा। इतना ही नहीं एम ए म्यूजिक करके उन्होंने म्यूजिक के प्रति भी अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

### गुरु रूप में तुलसीराम पटेल का मिला आशीर्वाद

वर्तमान में भजन गायन के साथ सुंदरकांड के लिए विशेष नाम बन चुके देव कुमार साहू का कहना है कि बचपन में जब वे कक्षा पांचवीं के विद्यार्थी थे तब गांव में रामायण, जस गीत का आयोजन हुआ करता था। जस गीत सिखाने के लिए ग्राम भोथीपार खुर्द से तुलसीराम पटेल आते थे। जब वे सिखाते थे, तब श्री साहू एक कोने में बैठे रहा करते थे। वे गायन के लिए लोगों का ट्रायल लिया करते थे। एक दिन उन्होंने देव कुमार साहू को भी कुछ गुनगुनाने के लिए कहा। जब देव साहू गा चुके तब तुलसीराम पटेल ने उनकी तारीफ की और जस गीत गाने के लिए सुझाव दिया। इसी तरह लघु सेवा मानस भजन मंडली के संचालक रघुवर निषाद के आशीर्वाद तले उन्होंने गीतों की प्रस्तुति शुरू की। उन्हीं का आशीर्वाद है कि अब उस प्रस्तुति ने देव कुमार साहू को अंचल का एक नाम बना दिया है। श्री साहू का कहना है कि संगीत साधना की इच्छा यदि मन में जाग रही हो तो उसे रुकने नहीं देना चाहिए। उसे मां सरस्वती का प्रसाद मानकर उसी में रम जाने का जज्बा दिखाते हुए संगीत सेवा का सफर शुरू कर देना चाहिए। यह सुनिश्चित है कि मां का स्नेह जरूर प्राप्त होगा।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 279 : श्री राम और लक्ष्मण जी ने धारण किया वृक्षों की छाल से बनाया जाने वाला वल्कलं

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



कैकेई ने कहा, ''गुरुदेव! प्रश्न नियम का नहीं है, बल्कि औचित्य का है।अगर सीता ने वन जाने का निर्णय लिया है तो क्या उसे वन के अनुकूल वस्त्र धारण नहीं करना चाहिए? क्योंकि सघन वन की वृक्ष लताओं, कंटकपूर्ण मार्ग और पहाड़ों की ऊंची नीची चढ़ाइयों में ये राजसी वस्त्र सीता के अनुकूल नहीं होंगे। शास्त्रों में भी कहा गया है कि पति अगर किसी व्रत नियम का पालन करे, तो पत्नी को भी उसका अनुसरण करना चाहिए।''

कैकेई के मन में क्या है, यह विधाता ही जान सकता है। राजा दशरथ ने कहा, ''राम को वनवास के वस्त्र पहनने के लिए बाध्य करने के बाद भी तुम्हारा मन नहीं पसीज रहा है कैकेई और अब तुम सीता को भी ऐसा करने के लिए बाध्य कर रही हो। अगर पति के अनुकूल आचरण करना ही धर्म है तो क्या तुम ऐसा कर रही हो? क्या तुम मेरा सम्मान कर रही हो? क्या तुम मेरी इच्छाओं के अनुरूप व्यवहार कर रही हो या तुम मेरी उचित बातों की भी लगातार अवहेलना कर रही हो। जिस पत्नी धर्म की तुमने चर्चा की, क्या वह तुम पर लागू नहीं होता है?''

राजकुमारी सीता ने माता कैकेई को प्रणाम कर कहा, ''ज्येष्ठ राजकुमार की तरह वन में पहनने के योग्य वस्त्र मैंने भी तैयार कर रखे थे माते! तथापि आप मुझे जो वस्त्र प्रदान कर रही हैं, यह मेरे लिए अनुपम भेंट है। इसके लिए मैं आपकी आभारी हूं।''

थोड़ी ही देर में श्री राम, सीता जी और लक्ष्मण जी वनवास के वस्त्रों को धारण कर महाराज दशरथ के समक्ष पहुंचे।अपने दोनों पुत्रों और पुत्रवधू को इस देश में देखकर राजा दशरथ ने अत्यंत पीड़ा का अनुभव किया। श्री राम और लक्ष्मण जी ने वृक्ष की छाल और कुछ धागों के मेल से बनाया जा सकने वाला गेरुआ रंग का वल्कल धारण किया हुआ है। पैरों में खड़ाऊ है और सिर पर जटा.. जैसे दोनों भाई साधना, त्याग और तपस्या का मूर्तिमान युगल रूप हों।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## कविता

### नारियों के सम्मान का पर्व नवरात्रि

आदि शक्ति माँ भगवती, शत-शत तूझे प्रणाम है।
तू ही मुक्ति, तू ही भक्ति, और, तू रक्षा का धाम है।
तू जग-जननी, तू जन-कल्याणी, तेरा दुर्गा नाम है।
भक्तों के तुम पालक, आशीष देना तेरा काम है।
तू दयामयी, तू वात्सल्यमयी, तू ममता की छांव है।
तुम कृपा के सागर हो, चारो धाम ही तेरा पाँव है।
हे महिषमर्दिनी, हे वज्रधारिणी, तू ही पुरनकाम है।
तुम ही सुर-नर की रक्षक, माँ तुमसे जग महान है।
माँ की सेवा होती है तो, माँ तेरी पूजा हो जाती है।
माँ की खुशियों में ही माँ, तू भी खुश हो जाती है।
नारी शक्ति की प्रतिष्ठा से, तेरी सेवा पूरी होती है।
नवदिन नवरात्र में यही, साधना जरूरी होती है।
जहाँ नारी का होता सम्मान, वही होता उत्थान है।
जहाँ नारी की पूजा होती, वही देवों का ध्यान है।
बेटियों के मान-प्रतिष्ठा का, पर्याय भी नवरात्रि है।
बेटी के अभिमान व रक्षा का, पर्याय भी नवरात्रि है
ये नारियों के प्रतिष्ठापन का, पर्व होता नवरात्रि है।
ये नारियों के स्थापन का, भी पर्व होता नवरात्रि है।



**अशोक पटेल ''आशु''**

## सू- दोकू क्र.199

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.198 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

## कहानी

# देवी भक्त

**गिरीश बख्शी**



गोविन्द देवी मन्दिर जाने के लिए निकला था। गांधी चौक पर उस फलवाले के ठेले में अच्छे सेब दिखे। फलवाला परिचित था। बोला-''हॉ भैयाजी। इस बार बड़े मीठे सेब मिल गये। आप तो अपने हैं, ले जाइए, सस्ता लगा दुंगा।'' गोविन्दा ने मस्कराते हुए कहा-''तुम्हे तो सुरेन्द्र! नेता होना था। बहुत मीठा बोलते हो। यहॉ फल बेच रहे हो, वहॉ राजनीति में जाते तो खूब 'फल' प्राप्त करते।'' सुरेन्द्र ने आधा किलो सेब तौलते हूए हॅस कर कहा-''पर हम अपने ठेले में ही खुश हैं भैयाजी! वहॉ, तो चुनाव के दिनों में टिकिट के बास्ते खूब ठेलम ठेला होता है। टिकिट न मिलने पर नेता लोग दल बदलते हैं, और हम ऐसे ठेला भक्त कि फल न बिकने पर भी ठेला नहीं बदलते। हॉ! आधा किलो का 75/- रूपये हुआ पर आप सत्तर दे दीजिए। गोविन्दा ने झोले में सेब रखते हुए कहा-''मैं हाईकमान होता तो तुम्हे अवश्य टिकट देता सुरेन्द्र। अच्छा चलता हूॅ। आज सबेरे-सबेरे, फल प्राप्ति के लिए, देवी मॉ को फल चढ़ाऊंगा।''

पीछे से आवाज आई-''गोविन्दा भाई! रूकिए। मैं भी आ रहा हूॅ मंदिर जाने।'' गोविन्दा ने देखा सियाराम है। उसका स्कूल के दिनों का साथी। वह नियमित रूप से देवी मन्दिर जाता है और ईमानदारी से टेलरिंग का अपना काम करता है। सियाराम बोलता खूब है। उसने बताया- ''वो, स्वच्छ साफ सफेद साड़ी में, जो महिला जा रही है न, वो मुक्ता बेन हैं। वह सरकारी अस्पताल की नर्स है। और जैसे नर्स को होना चाहिए, उसके हृदय में दया-ममता खूब भरी हुई हैं।''

गोविन्दा उत्सुक हुआ-''तुम उसे इतना कैसे जानते हो, क्या वह तुम्हारी रिश्तेदार है।'' सियाराम हॅस पड़ा-''नहीं भैया! वह अपने बच्चों के कपड़े सिलाने मेरे पास आती है और अपना हालचाल बताती रहती है। वह गजब की सेवाभावी नर्स है। जब भी उसे देखता हूॅ, मैं झुक कर उसे प्रणाम करता हूॅ।''

कथा रसिक गोविन्दा को मुक्ता बेन की सेवा भावना की कोई कथा जानने की इच्छा हुई। सियाराम खुश होकर बोला-''मुक्ता बेन की, एक कथा अनेक कथाएॅ है। उन्हे मरीजों की सेवा में बड़ा आनन्द प्राप्त होता है। तभी तो वह अस्पताल में 'ड्यूटी' नहीं सेवा करती है। इसीलिए उन्हे समय का ध्यान भी नहीं रहता। कभी-कभी तो देर रात घर आती है। हॉं! हॉं!! गोविन्दा! तुम्हारी जिज्ञासा समझ रहा हूॅ तुम्हे दो-तीन दिन पहले का किस्सा सुनाता हूॅ। न, वहीं खपरेवाले मकान में, जिसमें छोटी-सी परछी है और कमरा, मरारिन बाई रहती है। प्रौढ़ा अवस्था है उसकी। उसके घर वाले की मृत्यु हो चुकी है, ग्यारह-बारह साल का बस मोहित एक लड़का है। लड़का स्कूल में पढ़ता है और स्कूल से छुट्‌टी मिलने पर अपनी दाई मतलब मरारिन बाई की सब्जी-भाजी बेचने में मदद करता है। दोनो को एक दूसरे का बड़ा सहारा है। उनका जीवन दुक्खम-सुक्खम चल रहा था कि ''आफत ' घर में आकर बैठ गई।''

गोविन्दा चकित हो पूछ उठा-''आफत आकर बैठ गई, मतलब...? सियाराम ने उसकी चकितावस्था का मजा लेते हूए बताया- ''मतलब कि गोविन्दा भाई! मरारिन बाई नल में पानी भरते-भरते गिर पड़ी और उसकी कमर जोरदार पकड़ ली। दो-तीन औरतों ने सहारा देकर उसे परछी की खाट पर लिटा दिया। मोहित परेशान हो गया, क्या करे, कैसा करें? वह में पास आया। मैं उसे लेकर मुक्ता बेन से मिला ।''

''फिर क्या हुआ?''- गोविन्दा ने पूछा। ''फिर...फिर क्या हुआ''-'' सियाराम ने बेफिकरी से कहा -''मरारिन बाई को तो मुक्ता बेन के रूप में देवी मिल गई। मुक्ता बेन ने तुरन्त एम्बूलेन्स की व्यवस्था कर मरारिन बाई को हास्पिटलाइज किया और उसकी सेवा ----- में भिड़ गई। मोहित अकेले कहा रहता तो मुक्ता बेन ने उसे अपने घर में रख लिया। और मालूम गोविन्दा! मुक्ता बेन ने मरारिन बाई की कमर की ऐसी मालिश की, और ऐसी दवाएँ दी कि वो धीरे -धीरे खुद होकर बाथ रूम जाने लगी। मरारिन बाई मुक्ता बेन को देवी मांई कहती है। कल ही वह मेरे सामने कह रही थी - ''अब तो चल फिर लेती हूॅ, मुझे घर जाने दो देवी माई!'' पर मुक्ता बेन ने उसे अधिकर पूर्वक डांट कर कहा अभी नहीं नवरात्र के बाद तुम्हें छुट्टी मिलेगी। चुपचाप यहॉ आराम करो। मोहित की जरा भी फिकर नहीं करना वह मेरे बच्चों के साथ मजे से घर में है। और....।'' एकाएक सियाराम जोर से बोल उठे-'अरे....अरे। उधर कहॉ चले गोविन्दा! मंदिर तो इस तरफ है।'' गोविन्दा ने मुग्ध भाव से कहा -हमारे साथ चलो सियाराम! अब मंदिर इसी तरफ है।'' अस्पताल पहुंच गोविन्दा ने मुक्ता बेन को समक्ष प्रणाम कर सेब अर्पित कर भाव विह्नल हो गया। बोला -''मरारिन बाई ठीक कहती है आप देवी माई हो देवी माई।'' तुरन्त, गोंविन्दा के कंधे पर हाथ रखकर सियाराम गद गद स्वर में बोला -''और तुम देवी भक्त।''

## राशिफल




**मेष**
आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। लोगों का भरोसा आप पर बना रहेगा। आपकी इमानदारी से लोग प्रेरणा लेंगें। महिलाएं घर के काम से जल्द ही राहत पा लेंगी। आज आप दोस्तो के साथ समय बितायेंगे। कई दिनों से कहीं रुका हुआ पैसा आज वापस मिलेगा। बच्चो को घर के बुजुर्ग लोगों का आशीर्वाद मिलेगा।




**वृषभ**
आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आप सोशल मीडिया के जरिए सामाजिक कार्यों में सहयोग देंगें। शिक्षकों की मदद से विद्यार्थीयों का कोई प्रोजेक्ट पूरा होगा। किस्मत का साथ आपको आर्थिक लाभ दिलायेगा। पुरानी की गई मेहनत से दुगना लाभ मिलेगा। परिवार वालो के साथ किसी धार्मिक कार्यो में शामिल हो सकते हैं।



**मिथुन**
आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपके कोर्ट-कचहरी के मामले थोड़े रुक सकते है, लेकिन समय रहते सब ठीक होगा। आज आप जो भी व्यापार शुरू करेंगें, उसमें सफलता हासिल होगी। आज आपको किसी दोस्त का भी सहयोग मिलेगा। किसी अनुभवी की सलाह जरूर लें।




**कर्क**
आज आपका दिन ठीक रहेगा। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो पहले किसी समझदार व्यक्ति से सलाह जरूर ले, अन्यथा आपका पैसा फंस सकता है। छात्र आज अपने करियर को लेकर कोई योजना बनायेंगें।




**सिंह**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज जो भी काम शुरु करेंगे वो समय पर पूरा हो जायेगा। आपको करियर से संबंधित नए अवसर मिलेंगे। नया व्यापार शुरू करने में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। कॉमर्स के विद्यार्थी आज मार्केटिंग को समझने के लिए शिक्षको की साहयता लेंगें, जो आपके भविष्य में बेहद काम आयेंगी।




**कन्या**
आज आपका मन नई उमंगों से भरा रहेगा। हर कोई आपसे राय लेना चाहेगा। ऑफिस के लोगों में आपका रुतबा बनेगा। किसी विशेष व्यक्ति से आज आपकी बात हो सकती है। आपको आर्थिक रूप से भी लाभ मिलेगा, धन के नये स्रोत प्राप्त होंगे। छोटे बच्चे आज बहुत खुश रहेंगे, वो अपने लिए कोई नया खेल तलाश करेंगें।



**तुला**
आज का दिन मिली-जुली प्रतीक्रिया वाला रहेगा। आज किसी दूर के रिश्तेदार से आपको फोन पर बात होगी, जिससे आपको अच्छा फिल होगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। महिलाएं आज ऑनलाइन कोई नई डिश सीखने की कोशिश करेंगी। पिता का सहयोग आपके साथ रहेगा।



**वृश्चिक**
आज अकारण शुरू हुई समस्याएं पूरी तरह से समाप्त हो जाएंगी। आज आपको ननिहाल पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप विदेश में व्यापार करने की योजना बनायेंगे। आपकी सोशल मीडिया पर किसी से बात हो सकती है, जिससे आपको भविष्य में बहुत फायदा होगा।



**धनु**
आज आपका दिन खुशियां लेकर आया है। काम के मामलों में आप बेहद व्यावहारिक रहेंगे। आपके मन में बहुत दिनों से कोरोबार को लेकर कोई योजना चल रही है, तो आज आप उस योजना पर काम शुरू करेंगे जिससे आपको कोई बड़ा लाभ मिलेगा। आज आपकी मीठी वाणी आपके काम को जल्दी पूरा करवाने में मदद करेगी।



**मकर**
आज आपका दिन पहले से ज्यादा फायदा दिलाने वाला रहेगा। आपको दूसरों से प्रेरणा लेकर काम करने की जरूरत है। आज बोलने से ज्यादा आपको काम पर ध्यान देना चाहिए। आज आपको अपने माता पिता के साथ समय बिताना चाहिये। संयम और धैर्य के साथ ही आपको अपने कदम आगे बढ़ाने चाहिए।



**कुंभ**
आज आर्थिक तौर पर आपकी स्थिति मजबूत रहेगी। अगर आप कोई बिजनेस करते हैं, तो आपको उसे बढ़ाने के लिए थोडी और मेहनत करने की जरूरत है। आज कोई पड़ोसी आपसे किसी प्रकार की साहयता मागेंगे, जिसे आप असानी से पूरा करेंगे। लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा।



**मीन**
आज आपका दिन उत्तम रहेगा। ऑफिस के किसी सहकर्मी के साथ आपको यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आज आपको अपनी वाणी पर संयम रखने की जरूरत है। आज बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखने की जरूरत है। लवमेट के लिए आज का दिन खुशियो भरा रहने वाला है।

# सब्जी बाजार जनसहयोग मैदान के समीप स्थानांतरित



डोंगरगांव (दावा)। निकाय क्षेत्र में सब्जी बाजार शनिवार को जेन्ट्स क्लब मैदान से हटकर जनसहयोग मैदान के समीप पहुंच गया है. शहर में सब्जी बाजार के व्यस्थापन को लेकर नगर पंचायत हमेशा सवालों के घेरे में रहता था लेकिन अब सब्जी बाजार के इस व्यवस्थापन से सब्जी व्यापारियों को पर्याप्त स्थान मिलेगा, वहीं बाजार का विस्तार भी होगा। इस स्थल में नये बस स्टैण्ड के निचले तल में बड़ी संख्या में अधूरी निर्मित दुकानें हैं, ऐसी खबर है कि इन दुकानों के एवज में 30 दुकानदारों से 80 हजार रूपये की रसीद काटी जा चुकी है किन्तु आबंटन की कार्यवाही अभी शेष है। जहां थोक व्यापारियों के लिए दुकानें एलाट की जा सकती है, वहीं अन्य बेरोजगार नए बस स्टैंड में अपना छोटा-मोटा व्यापार कर सकेंगे। बस स्टैंड से लेकर मटिया चौक तक भी सडक़ किनारे सब्जी पसरा और दुकानों का विस्तार संभव है। नगर पंचायत के इस निर्णय से जेन्ट्स क्लब मैदान सुरक्षित होगा, वहीं इंदिरा गार्डन भी सुरक्षित हो सकेगा।

हालांकि नए स्थल पर सब्जी बाजार पहुंचने से व्यापारियों को पहले दिन कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ा किंतु समय बीतने पर यहां भी सभी तरह की व्यवस्थाएं नगर पंचायत द्वारा कर दी जायेगी, ऐसी उम्मीद की जा रही है. नए बस स्टैंड में सुलभ होने से सब्जी मार्केट के अब निस्तारी की समस्या को भी विराम लग जायेगा, नए स्थल पर सब्जी बाजार पहुंचने से जहां शहरवासी कौतूहलवश यहां पहुंचकर सब्जी खरीदी कर रहे हैं, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के किसान भी बड़ी संख्या के डोंगरगांव बाजार की ओर रुख कर रहे हैं। सब्जी बाजार के व्यवस्थापन के बाद नगर पंचायत प्रशासन को मटन मार्केट की व्यवस्था शीघ्र करनी चाहिए. शहर के गली गली में बिक रहा मांस मटन आम राहगीरों के लिए परेशानी का सबब है, वहीं इसे लेकर शहर की छवि अच्छी नहीं है, शहर में यत्रतत्र बिखरे मांस के टुकड़ों पर आवारा कुत्तों के फैलाने से कभी भी मामला बिगड़ सकता है, ऐसा ही एक मंदिर की सीढिय़ों में मांस का बड़ा टुकड़ा मिलने से लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई थी और जैसे तैसे मामला शांत किया गया। गली-गली में खुलेआम बिक रहे मांस के व्यवस्थापन के विषय में नगर पंचायत को शीघ्र निर्णय लेना चाहिए।

# भूपेश बघेल विधानसभा के विभिन्न ग्रामों में हुए निर्माण कार्यों का 8 अक्टूबर को लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे

## विधायक श्रीमती बघेल ने कांग्रेसजनों के साथ सौजन्य भेंट कर पूर्व मुख्यमंत्री को किया आमंत्रित



डोंगरगढ़ (दावा)। विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष भागवत साहू की उपस्थिति में डोंगरगढ़ विधानसभा में हुए विभिन्न निर्माण कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आमंत्रित किया गया है। श्री बघेल 8 अक्टूबर को मां बम्लेश्वरी दर्शन करने के बाद डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम देवकट्टा में नवनिर्मित मंगल भवन, रंग मंच, जैतखाम, अवंती मंच और दाऊजी रामदयाल कंवर मूर्ति अनावरण करने के बाद घुमका ब्लाक के बासूला के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण करेंगे।

# महाराजा अग्रसेन जयंती पर हुए विविध सांस्कृतिक आयोजन



डोंगरगढ़ (दावा)। अग्रवाल समाज के संस्थापक महाराजा अग्रसेन की जयंती धूमधाम से मनाया गया। 29 सितम्बर को शुरू जयंती समारोह का समापन 3 अक्टूबर को शोभायात्रा के साथ हुआ। 5 दिन तक समाज के युवक-युवतियों और महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया।

**5 दिनों तक समाज के युवक-युवतियों और महिलाओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया**

शोभायात्रा का समापन बाद मारवाड़ी धर्मशाला में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि पूनम अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि राजू अग्रवाल भूत, महिला मंडल अध्यक्ष सुनीता बिंदल, बम्लेश्वरी ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, अग्रवाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र अग्रवाल एवं स्वागत अध्यक्ष प्रकाश बिंदल की उपस्थिति में समाज के बुजुर्गों को श्रीफल, प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया।

### सामाजिक युवाओं से आगे आने का आव्हान

अतिथियों ने महाराजा अग्रसेन की सीख की अनुरूप समाज के पुरखों द्वारा बनाई गई पहचान एवं सामाजिक, मानव सेवा कार्यों का उल्लेख करते हुए युवाओं से समाज के कार्यों में सहभागिता निभाने की बात कही। स्वागत भाषण मनमोहन अग्रवाल ने दिया। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, श्याम सुंदर नरेडी, पवन भूत, विनय बसंल, प्रणय अग्रवाल, आतिश नरेडी, अभिषेक अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, निरज पचेरी, रितेष अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, सन्नी अग्रवाल, सरोज नरेडी, पंकज अग्रवाल, ऋतु किशन अग्रवाल, आयुषी नरेडी, किरण नरेडी, शोभा प्रकाश बिंदल, संध्या बिंदल, कन्हैयालाल अग्रवाल, अजय अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, मुकेश भूत, मयूर भूत सहित अन्य उपस्थित थे।

# पहला कॉलम...

## क्षेत्रीय महामंत्री अजय व पवन साय ने किए माता के दर्शन



डोंगरगढ़(दावा)। प्रदेश भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री अजय जमवाल व महामंत्री पवन साय ने डोंगरगढ़ पहुंचकर मां बम्लेश्वरी की पूजा अर्चना की एवं प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि की कामना की। यहां पहुंचने पर भाजपा नेताओं का स्थानीय नेताओं ने स्वागत किया।

देवी दर्शन के बाद भाजपा नेता महेन्द्र अग्रवाल के घर में उन्होंने स्थानीय पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से भेंट कर राजनीतिक गतिविधियों पर चर्चा की। इस अवसर पर पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, हरविंदर सिंग मंगे, प्रकाश बिंदल, रविन्द्र वैष्णव, महेन्द्र भाई पटेल, संतुराव अन्ना, परविंदर सिंग मोंटी, प्रिंस कक्कड़, अमित जैन, दिलीप साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## मारगांव में ग्रामीण बच्चों व महिलाओं को नि:शुल्क योग प्रशिक्षण



डोंगरगांव (दावा)। अंचल के ग्राम मारगांव में विगत सप्ताह से ग्राम के युवक द्वारा निःशुल्क योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है. बहुउद्देशीय भवन में दिये जा रहे इस प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएँ एवं बच्चे पहुंच रहे हैं और इस प्रशिक्षण का लाभ ले रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम के योग प्रशिक्षक व कराते मास्टर डेमन कुमार साहू द्वारा ग्राम के बच्चों को योग के गुरू सिखाए जा रहा है, जो कि अनुकरणीय है। डेमन के इस पहल से जहाँ ग्रामीण बच्चों को योग के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है, वहीं बच्चों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। बता दें कि बाबा रामदेव से जुड़े शहर के स्व.दिलीप जैन से जुड़े श्री साहू गांव में बच्चों को प्रशिक्षण देकर अपने अनुभवों का लाभ ग्रामीण बच्चों को दे रहे हैं. इस प्रशिक्षण शिविर में प्रमुख रूप से अल्का, देविका, करूणा, ईशान, रागिनी, ललिता, जासमिन, पार्वती, सुनैना, रीतू, हेमलता, कौशिल्या, लक्की, सोनिया, दुर्गेश्वरी आदि योग का लाभ ले रहे हैं।

## भारतीय पब्लिक स्कूल से हुआ साइबर जागरुकता पखवाड़ा का शुभारंभ



डोंगरगांव (दावा)। शहर के भारतीय पब्लिक स्कूल में थाना डोंगरगांव क्षेत्र अंतर्गत सायबर जागरूकता अभियान पखवाड़ा का आयोजन किया गया, शनिवार को इस गरिमामय आयोजन में लगभग 300 स्कूली बच्चे एवं शिक्षक उपस्थित रहे जिन्हें डोंगरगाँव पुलिस की टीम ने सायबर क्राईम से बचने एवं नशे से दूर रहने तथा यातायात सुरक्षा नियमों का पालन करने की जानकारी दी। उपस्थित बच्चों और शिक्षकों को सायबर क्राईम, सायबर ठगी की रोकथाम एवं सायबर क्राईम के बचाव हेतु सोशल मिडिया, फेसबुक इंस्टाग्राम, टिवटर का सावधानीपूर्वक अपने माता-पिता की उपस्थिति में ही उपयोग करने व उनसे होने वाले साइबर फ्राड से बचने संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा नशा उन्मुलन के तहत धुम्रपान से दूर रहने एवं सडक़ दुर्घटनाओं के रोकथाम हेतु वाहन चलाते समय यातायात सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करने विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई. सायबर जागरूकता पखवाड़ा अभियान के आयोजन में थाना डोंगरगांव प्रभारी उपेन्द्र कुमार, सउनि ईश्वर यादव, प्रधान आरक्षक संदीप देशमुख, महिला आरक्षक भूमिका यादव उपस्थित रहे।

## द्वितीय पालक शिक्षक मेगा बैठक आयोजित

डोंगरगढ़(दावा)। प्राथमिक शाला भरूहाटोला में द्वितीय पालक शिक्षक मेगा बैठक आयोजित किया गया। बैठक में तिमाही परीक्षा, अपार आईडी, बच्चों का विकास, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम एवं पाक्सो बाक्स पर चर्चा किया गया।

इस अवसर पर प्रधान पाठक धनुषराम कंवर ने पालकों को घर में शैक्षणिक वातावरण तैयार करने प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षक संजीव चन्द्रवंशी, हेमदास उईके, तिलक साहू, राजेन्द्र पटोती, फलिता साहू, भेदबाई वर्मा, भारती साहू, वेनु वर्मा, चित्ररेखा साहू, महेश्वरी मंडावी, तामिन साहू, ज्ञानबाई, बिसरीबाई, गोदावरी साहू, सातोबाई मंडावी, इंदरबाई, गोदावरी उईके आदि उपस्थित थे।

# आचार्य रामचंद्र शुक्ल जयंती मनाई गई



अंबागढ़ चौकी (दावा)। शा. लाल चक्रधर शाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बागढ़ चौकी में हिंदी के प्रसिद्ध साहित्यकार आचार्य रामचंद्र शुक्ल जयंती का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के. आर. मंडावी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ आचार्य रामचंद्र शुक्ल को नमन करते हुए, छायाप्रति के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया। आचार्य शुक्ल जी के संबंध में हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. एन. के. कुर्रे ने बताया की साहित्य समाज की सांस्कृतिक विरासत है और सांकृतिक धरोहर में आचार्य शुक्ल जी का स्थान स्मरणीय है, उनके निबंध मनोविकारों को प्रस्तुत करने वाले प्रमुख हैं जिससे समाज को एक नई दिशा मिल रही है। इसी कड़ी में वक्ता के रूप में राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक ए.एल. चंद्रभाष ने अपना मंतव्य में कहा की आचार्य शुक्ल जी के व्यक्तित्व से साहित्य सम्पन्न हुआ है और उनके व्यक्तित्व का प्रभाव हिंदी साहित्य को एक नई दिशा दी है। आचार्य शुक्ल बहुमुखी प्रतिभा के धनी बहुआयामी व्यक्ति रहे हैं।

हिंदी विभाग के प्राध्यापक मनीष कुर्रे ने बताया की हिंदी साहित्य के इतिहास में आचार्य शुक्ल का स्थान शिरोमणि है, उनके साहित्य का अध्ययन हिंदी साहित्य के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी है, जिस प्रकार प्रेमचंद हिंदी के कथा सम्राट माने जाते हैं उसी प्रकार हिंदी में शुक्ल जी को निबंध सम्राट के रूप में जाने जाते हैं। साथ ही आचार्य शुक्ल के जीवन संबंधी उदाहरण प्रस्तुत कर आयोजन को रोचक बनाया।

उद्बोधन के क्रम में प्राध्यापक लीमेन सिंह ने कहा की हिंदी साहित्य का इतिहास विभाजन वैज्ञानिक पद्धति-विधेयवादी के आधार पर उनके ग्रंथ हिंदी साहित्य का इतिहास के रचना पक्ष पर प्रकाश डालते हुए उनके काल विभाजन को सर्वमान्य माना, जिसका संदर्भ अद्यतन अनुसंधानकर्ता देते आ रहे हैं जिससे इसकी प्रसिद्धि का अनुमान लगाया जा सकता है। अंतिम उद्बोधन के रूप में हिंदी विभाग के प्राध्यापक गौतम राम यादव ने शुक्ल जी के रचना पक्ष का उल्लेख करते हुए बताया की उनकी लेखनी का जादू साहित्य को सराबोर कर साहित्य के विविध क्षेत्र यथा-निबंध, कहानी, आलोचना, समालोचना, कविता आदि में अपना आलोक बिखरने का कार्य उन्होंने किया जिसका प्रभाव निश्चित रूप से साहित्य प्रेमियों को एक नई राह की ओर उन्मुख करती है। कार्यक्रम का संचालन शक्ति कुमार एम.ए. तृतीय के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में एम. ए. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थीयों द्वारा आचार्य शुक्ल के संबंध में अपना विचार साझा किया।

# शा. प्राथमिक शाला टटेंगा में व्याख्याता रेशमी साहू और अजय पाठक द्वारा न्यौता भोज



हरदी (दावा)। शासकीय प्राथमिक शाला टटेंगा में प्रधान पाठक लिखन राम सरपा की अनुमति से नवरात्रि के शुभ अवसर पर व्याख्याता रश्मि साहू व व्याख्याता अजय पाठक के द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों को मध्यान्ह भोजन के अलावा खीर पूरी का वितरण किया गया। इस आयोजन पर स्टाफ के सभी सदस्यों एवं रसोइया समूह ने खुशी प्रकट की। प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य आर.के देवांगन ने व्याख्याता को मनोकामना पूर्ण होने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर खेमिन साहू, लिकेश्वरी भंडारी, संजय साहू, आरडी देवांगन, टीएल देवांगन, सीवासनिक, चंद्रा देवनाथ, पवन सिन्हा, हेपशिबा एंथोनी, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, अनुराधा खरे, चंद्रप्रकाश सोनबोईर, सुरेंद्र नेताम, कुंदन यादव उपस्थित थे।

# आज टेड़ेसरा में नारी वीरांगना सशक्तिकरण कार्यक्रम में दामाखेड़ा से पधारेंगी चुनमुन दीदी



टेड़ेसरा (दावा)। परिक्षेत्रीय कबीरपंथी समाज के तत्वाधान में नारी वीरांगना एवं सत्संग कार्यक्रम का आयोजन शासकीय हाईस्कूल प्रांगण टेड़ेसरा में रखा गया है। पूजनीय उनमुनि गोस्वामी (चुनमुन) दीदी का आगमन कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा के द्वारा यह कार्यक्रम किया जाएगा। जिसमें दीदी के द्वारा नारी वीरांगना, महिला सशक्तिकरण एवं सत्संग का आयोजन किया जाएगा।

जिनका आगमन लगभग 2:00 बजे निर्धारित किया गया है। दीदी प्रथम बार आ रहे हैं जिनका स्वागत अंजोरा बाईपास से होते हुए टेड़ेसरा बस स्टैंड चौक से कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसे सभास्थल तक तक ले जाया जाएगा। यह आयोजन सतगुरु कबीर धनी धर्मदास वंशावली के अंतर्गत नारी वीरांगना महिला सशक्तिकरण का कार्यक्रम पूरे भारत में यह आयोजन चुनमुन दीदी के द्वारा किया जा रहा है। जिसमें राजनांदगांव जिले के ग्राम टेड़ेसरा में यह आयोजन भव्य तरीके से किया जाएगा। कार्यक्रम में सतगुरु कबीर धनी धर्मदास सेवा आश्रम के महंत मेला दास साहेब एवं जामवंती माई खासतौर पर उपस्थित रहेंगे। यह आयोजन खस्ता 10 साल बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए यह कार्यक्रम रखा गया है। सतगुरु कबीर साहेब एवं धनी धर्मदास साहेब के वाणी वचनों के माध्यम से सुवचन हमारे बीच बताया जाएगा।

इस कार्यक्रम में पर क्षेत्रीय अध्यक्ष उत्तम साहेब, महेश साहेब, नंदकिशोर साहेब, नेमू चंद साहेब, ललित साहेब सोमदास साहेब, अंगद दास साहेब एवं प्रकाश साहेब, यादराम साहेब एवं समस्त ग्रामवासी व आमीन माता महिला मंडल एवं क्षेत्र के कबीर पंथी समाज एवं सतगुरु के नेमी प्रेमी भक्तजन बड़ी संख्या में उपस्थित होंगे। जिसमें सद्गुरु भोजन भंडारा का भी आयोजन रखा गया है। उक्त जानकारी परिक्षेत्र कबीरपंथी समाज के मिडीया प्रभारी कबीरपंथी समाज के मिडीया प्रभारी लूमन दास साहू ने दी।

# भाजपा किसानों की असली हितैषी- घासीराम साहू



छुरिया (दावा)। महामंत्री भाजपा जिला किसान मोर्चा राजनांदगांव घासी राम साहू ने कहा कि भाजपा ही असली किसान हितैषी है, किसान भाइयों से कहा कि छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के शासन में गांव, गरीब, किसान महिला एवं युवा वर्ग की चिंता भाजपा ही करता है। छत्तीसगढ़ को भाजपा ने ही बनाया है और उसे हम ही सवारेंगे, आज महिला बहनों को मातृ वंदना के तहत 1000 रुपए की राशि पहले सप्ताह में भुगतान से महिला बहने बहुत खुश है।

किसान भाइयों को भी उनके परिश्रम का उचित मूल्य भाजपा की सरकार में ही मिल रहा है। महामंत्री घासी राम साहू ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के विष्णु देव के शासन में किसानों को 3100 रुपए की एक मुश्त राशि प्रदान की जा रही है और प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी की जा रही है। भाजपा सरकार द्वारा धान खरीदी की एक मुश्त की राशि मिलने से किसानों को बार-बार बैंक के चक्कर काटने के झंझट से मुक्ति मिली और एक मुश्त राशि मिलने से किसानों के चेहरे में बड़ी प्रसन्नता आई है। महामंत्री श्री साहू ने आगे कहा कि पी एम किसान योजना की 18 वी किस्त 5 अक्टूबर को प्रदान की जाएगी जिसमें पात्र भूमिधारक किसानों को प्रतिवर्ष 6000 रुपए मिलने वाली राशि का वितरण किया जाएगा।

श्री साहू ने आगे कहा कि कांग्रेस सरकार में 1 दिसंबर से धान की खरीदी की जाती थी उसके शासन काल मे 1 नवंबर से धान खरीदी कभी भी नहीं की गई लेकिन भाजपा सरकार ने किसानों की सुविधा के लिए 15 नवंबर से धान खरीदी के फैसले को स्वागत किया और कहा कि किसानों को कांग्रेस सरकार में अपने फसल धान को महीनों तक संभाल कर रखना पड़ता था और धान के बोरे बारदाने के लिए किसानों को दर-दर भटकना पड़ता था।

## जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत विषय पर विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित

डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर में प्राचार्य डॉ. आर के ठाकुर के निर्देश में संयोजक प्रो. मनोहर बोकड़े एवं सहसंयोजक अरुण कुमार साहू द्वारा जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत विषय पर भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान



छुरिया (दावा)। अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर स्थानीय जनपद पंचायत के सभागार में आज ब्लाक स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह सह स्नेह सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आसीस दुबे, मैनेजर सीएलआईए, एलआईसी आफ इंडिया रायपुर, चेतन चन्नी, डीएम, सीएलआईए, एलआईसी आफ इंडिया रायपुर, सुनील कुमार सिंग चीफ ब्रांच मैनेजर, संदीप कुमार जैन, एसबीए, एलआईसी आफ इंडिया राजनांदगांव सभी संयुक्त रूप से थे। अध्यक्षता विकासखंड शिक्षाधिकारी प्रशांत चिरवर्तकर एवं विकासखंड श्रोत समन्वयक प्रहलाद साहू ने किया। विशेष अतिथि के रूप में स्थानीय हायर सेकेंड्री स्कूल के प्राचार्य एचके खिलारी, आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य धनेश कुमार सिन्हा, छत्तीसगढ़ प्रधान पाठक मंच के प्रांताध्यक्ष जाकेश साहू, ब्लाक अध्यक्ष कोमल सिंह गुरु, छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन के ब्लाक अध्यक्ष कीरत कुमार गणवीर, आजाक्स के ब्लाक अध्यक्ष राजेंद्र लाडेकर, छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र साहू, नियमित शिक्षक के विभिन्न संगठनों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण मिलाप दास साहू, भूषण वाडेकर, हेमंत सलामे, सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। उक्त आयोजन भारतीय जीवन बीमा निगम अभिकर्ता पूना राम सिन्हा एवं दीपक सिन्हा द्वारा छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन के माध्यम से किया गया। सम्मान समारोह में विकासखंड से विभिन्न हाई/हायर सेकेंड्री/मिडिल/प्राथमिक स्कूलों के प्राचार्य/प्रभारी/ प्रधान पाठक एवं शिक्षक/शिक्षिकाएँ पहुंचे थे। विकासखंड के विभिन्न सेवानिवृत शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के आयोजक भारतीय जीवन बीमा निगम के पूनाराम सिन्हा एवं दीपक कुमार सिन्हा के द्वारा आयोजन में पधारे सेवानिवृत शिक्षकों का शाल व श्रीफल भेंट कर तथा मोमेंटो गिफ्ट कर सम्मानित किया गया।

इसी प्रकार समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का मोमेंट व पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में एलआईसी आफ इंडिया के पूना राम सिन्हा एवं दीपक सिन्हा द्वारा समस्त अतिथियों के लिए दोपहर के भोजन की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष कीरत कुमार गणवीर ने किया। आभार प्रदर्शन दीपक कुमार सिन्हा ने किया। उक्त कार्यक्रम में कार्तिक राम घृतलहरे, देवनारायण साहू, श्रीमती रीना जगनित, गजेंद्र बघेल, धननाथ मरकाम, राजेश नेताम, शंभू राम साहू, रामप्रसाद लाड़े, मनेंद्र सिन्हा, शिवशंकर नेताम, उमाशंकर साहू, मोहित राम साहू, तिलक यदु, जनक यदु, ज्ञानेश्वर जामुलकर, महेश सिन्हा, चेतन चंदेल, सुदर्शन कोटरे, शैलेंद्र कोटरे, कांति साहू, ललित साहू, मुकेश दिवाकर, दिनेश ठाकुर, मधुसूदन ध्रुव, गिरधारी सहारे, गिरधारी साहू, बिरेंद्र साहू, भोजकूमार साहू, देहर साहू, लोकेश साहू सहित ब्लाक ने अधिकाश शिक्षक उपस्थित थे।

# गैंदाटोला में कल निकलेगी महाकाली झांकी





छुरिया (दावा)। नवरात्रि के पावन पर्व में पंचमी के उपलक्ष्य में ग्राम के सरपंच अल्फिया हनीफ कुरैशी के द्वारा भव्य महाकाली झांकी का आयोजन रखा गया है। भव्य महाकाली झांकी पंचमी के दिन दोपहर 1 बजे से मां शीतला देवी मंदिर से पूजा अर्चना कर प्रारंभ होगी, बाजार चौक, दुर्गा मंदिर, पानी टंकी चौक होते हुए मिडिल स्कूल मैदान में स्थाई कार्यक्रम किया जायेगा। भव्य महाकाली झांकी को लेकर ग्राम के एवं आसपास क्षेत्र के लोगों में अपार उत्सव उत्साह देखा जा रहा हैं। साथ ही जय मां दुर्गा मनोकामना देवी मंदिर समिति के सदस्य डॉ.प्रकाश शर्मा, राजू राजपूत, महेश गुप्ता, कमल गुप्ता, भीखम देवांगन भूपेन्द्र अग्रवाल, खलील कुरैशी, अफजल कुरैशी, वसीम कुरैशी के द्वारा दुर्गा मंदिर के पास भगवान श्री रामचंद्र जी के वनवास की करुण गाथा का स्थल झांकी के रूप में प्रदर्शित हो रहा है एवं 6 से 11 तारीख तक रात्रि में वेलिनटीनो डांस ग्रुप राजनांदगांव वालों का गरबा नृत्य का भी आयोजन रखा गया है। इस कार्यक्रम की जानकारी भूपेन्द्र निर्मलकर के द्वारा दिया गया है।

## पहला कॉलम...

### पीएम मोदी ने किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार, 5 अक्टूबर को देश के करोड़ों किसानों को नवरात्रि का उपहार देते हुए किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी कर दी है. महाराष्ट्र दौरे पर गए पीएम मोदी ने करीब 9.4 करोड़ किसानों को 20 हजार करोड़ रुपये ट्रांसफर किए. इन सभी किसानों के अकाउंट में 2000 रुपये ट्रांसफर किए गए. पीएम किसान सम्मान निधि के तहत अब तक किसानों को केंद्र सरकार की ओर से कुल 3.45 लाख करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं.

पीएम किसान सम्मान निधि स्कीम को 24 फरवरी, 2019 को लॉन्च किया गया था. इसमें 3 बराबर किस्तों में किसानों को सालाना 6,000 रुपये ट्रांसफर किए जाते हैं. डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (ष्ठक्चञ्ज) के माध्यम से यह पैसा किसानों के अकाउंट में जाता है. महाराष्ट्र में इस योजना की 17 किस्तों में लगभग 1.20 करोड़ किसानों को करीब 32,000 करोड़ रुपये दिए गए हैं. यह भारत में दूसरे नंबर पर आता है. सम्मान निधि की 18वीं किस्त में राज्य के लगभग 91.51 लाख किसानों को 1,900 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ मिलेगा. इसके अलावा पीएम मोदी ने नमो शेतकारी महासम्मान निधि योजना की 5वीं किस्त के तहत महाराष्ट्र के किसानों को लगभग 2,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त लाभ भी दिया.

### एथेनॉल निर्माताओं की लिवाली से मक्का में उछाल

जयपुर । एथेनॉल बनाने वाली कंपनियों की मांग निकलने से इन दिनों मक्का की कीमतें तेज बोली जा रही हैं। बिहार की हरियाणा डिलीवरी मक्का के भाव वर्तमान में 2780 रुपए प्रति क्विंटल चल रहे हैं। मक्की के भावों में आए उछाल को लेकर जानकारों का कहना है कि पौल्ट्री व्यवसाय की बढ़ती मांग और एथेनॉल बनाने में मक्का के उपयोग के कारण इसकी कीमतों में तेजी आई है। यही कारण है कि वर्तमान में मक्का के भाव एमएसपी से काफी ऊंचे चल रहे हैं। वर्ष 2023-24 के लिए सरकार ने मक्के का एमएसपी 2090 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया हुआ है। भीलवाड़ा से ब्रोकर संजय अजमेरा ने बताया कि उत्तर प्रदेश की हरियाणा डिलीवरी मक्का के भाव 2660 रुपए प्रति क्विंटल में व्यापार हो रहा है। इस बीच राजस्थान एवं मध्य प्रदेश की नई मक्का भी शुरू हो गई है। महाराष्ट्र एवं गुजरात में नई मक्का की आवक हो रही है। लिहाजा मक्का की कीमतों में अब लंबी तेजी के आसार समाप्त हो गए हैं। पिछले दो साल की तुलना में दुगुने दाम मिल रहे वर्ष 2022 में मक्का के भाव 1200 रुपए प्रति क्विंटल के आसपास थे, जबकि वर्तमान में मक्का 2600 रुपए प्रति क्विंटल से ऊपर बिक रही है। जानकार बताते हैं कि मक्की का उपयोग कपड़ा, स्टार्च, कुक्कुट समेत अन्य उद्योगों में लगातार बढ़ता जा रहा है।

### भीषण सूखे की चपेट में ब्राजील, जल स्तर 122 साल में सबसे नीचे

मनौस, ब्राजील। अमेज़ॅन वर्षावन के सबसे बड़े शहर मनौस में रिवर पोर्ट शुक्रवार को अपने 122 साल के सबसे निजल जल स्तर तक पहुंच गया। इससे भू-जल और पर्यावरण वैज्ञानिक भी हैरान हैं। वर्ष 1902 के बाद से रिवर पोर्ट का जल स्तर पहली बार अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंचा है। यहां भीषण सूखे के कारण जलमार्ग नष्ट हो गए हैं। पोर्ट पर सूखे के चलते अनाज निर्यात और आवश्यक आपूर्ति का परिवहन भी बाधित हो गया है, जो इस क्षेत्र की जीवन रेखा है। बताया जा रहा है कि औसत से कम बारिश इस बड़े सूखे की वजह है। यहां तक कि बरसात के मौसम में भी यहां बहुत कम वर्षा हुई है। पिछले साल से अमेज़ॅन और दक्षिण अमेरिका के अधिकांश हिस्से इससे त्रस्त हैं। ब्राजील और बोलीविया में एक दशक से भी अधिक समय में सबसे भीषण जंगली आग लगी है। शोधकर्ताओं का कहना है कि जलवायु परिवर्तन इसका मुख्य कारण है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि अमेज़ॅन क्षेत्र 2026 तक नमी के स्तर को पूरी तरह से ठीक नहीं कर पाएगा।

### एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती को दिल्ली पुलिस ने नोटिस किया जारी

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती को दिल्ली पुलिस ने नोटिस भेजा है। रिया चक्रवर्ती को पुलिस ने विज्ञापन के जरिए लोगों को एप में निवेश करने को लेकर तलब किया है। इस नोटिस में दिल्ली पुलिस ने बताया कि रिया चक्रवर्ती को 9 अक्टूबर को द्वारका स्थित साइबर सेल में पूछताछ के लिए आना होगा। इस मामले में इससे पहले सोशल मीडिया इन्फ्लयूयेंसर एल्विश यादव और कॉमेडियन भारती सिंह का भी नाम सामने आ चुका है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में जांच कर रही है। ॥क्कश3 एप स्कैम के मामले में अब तक कई नामों का खुलासा हुआ है। जिनसे दिल्ली पुलिस पूछताछ कर रही है। बीते दिनों पुलिस के पास हायबॉक्स नाम के एप की 500 से ज्यादा शिकायतें आई थी। इसके बाद पुलिस ने इस मामले को लेकर जांच शुरू की तो पाया कि इस एप ने 30 हजार से ज्यादा लोगों को ज्यादा रिटर्न का लालच देकर 500 करोड़ रुपयों से ज्यादा का चूना लगाया है। इसके बाद पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू की तो जिन सेलिब्रिटीज ने इस एप का प्रचार किया था उनका भी इस स्कैम से कनेक्शन होने का शक गया। जिसकी जांच पुलिस ने शुरू कर दी है। इससे पहले दिल्ली पुलिस ने यूट्यूबर एल्विश यादव और कॉमेडियन भारती सिंह तथा तीन अन्य सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर के खिलाफ समन जारी किया था।

## टीम इंडिया के नाम दर्ज हुआ शर्मनाक रिकॉर्ड, न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे बड़ी हार!



**नई दिल्ली। भारत को वीमेंस टी20 विश्व कप 2024 के अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा. उसे न्यूजीलैंड ने 58 रनों से हरा दिया. इस हार के साथ ही भारत के नाम एक अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज हो गया. वीमेंस टीम इंडिया की टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ रनों के लिहाज से यह सबसे बड़ी हार रही. वहीं ओवर ऑल देखें तो यह दूसरी सबसे बड़ी हार रही. हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम दुबई में खेले गए मैच में 102 रनों के स्कोर पर ऑल आउट हो गई.**

दरअसल भारत को वीमेंस टी20 विश्व कप में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी हार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली थी. ऑस्ट्रेलिया ने 2020 के फाइनल में टीम इंडिया को 85 रनों से हरा दिया था. वहीं अब न्यूजीलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा. यह दूसरी सबसे बड़ी हार रही. टीम इंडिया को न्यूजीलैंड ने 2009 में ट्रेंट ब्रिज में खेले गए मैच में 52 रनों से हराया था. अब यह उसकी तीसरी सबसे बड़ी हार है. न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ पहले बैटिंग करते हुए 160 रन बनाए था. इस दौरान कप्तान सोफी डिवाइन ने दमदार प्रदर्शन किया. उन्होंने नाबाद 57 रन बनाए. सोफी ने 36 गेंदों का सामना करते हुए 7 चौके लगाए. इसके जवाब में टीम इंडिया 102 रनों के स्कोर पर ऑल आउट हो गई. भारत के लिए सबसे ज्यादा 15 रन कप्तान हरमनप्रीत ने बनाए. उन्होंने 14 गेंदों का सामना करते हुए 2 चौके लगाए.

वीमेंस टी20 विश्व कप 2024 में भारत का अगला मैच पाकिस्तान से है. यह मुकाबला रविवार शाम दुबई में खेला जाएगा. टीम इंडिया को इस मुकाबले के लिए काफी तैयारी करनी होगी. भारत का आखिरी ग्रुप मैच ऑस्ट्रेलिया से है. यह मुकाबला 13 अक्टूबर को शारजाह में खेला जाएगा. टूर्नामेंट का फाइनल मैच 20 अक्टूबर को खेला जाएगा.

## पाकिस्तान में आतंकवादी हमला, लेफ्टिनेंट समेत 6 जवानों की मौत

नई दिल्ली। पाकिस्तानी में आतंकवादियों का गढ़ रहा उत्तरी वजीरिस्तान में पाकिस्तानी सेना पर आतंकी हमला हुआ है, जिसमें 6 सैनिक मारे गए. हालांकि ये आतंकी किस संगठन के थे अभी इसका कुछ पता नहीं चल पाया है. पाकिस्तान की सेना ने कहा है कि 4 अक्टूबर की शाम को देश के अस्थिर उत्तर-पश्चिम में इस्लामी आतंकवादियों ने एक सेना के काफिले पर हमला किया. इस हमले में मारे गए जवानों में लेफ्टिनेंट समेत कई हाईरैंक वाले अधिकारी भी शामिल है.

सेना ने 5 अक्टूबर को एक बयान में मारे गए अधिकारी की पहचान लेफ्टिनेंट कर्नल मुहम्मद अली शौकत के रूप में की है. वहीं, अफगान सीमा के पास खैबर पख्तूनख्वा राज्य के वज़ीरिस्तान में हुई मुठभेड़ में 6 आतंकवादी भी मारे गए, जिनके संबंध का नाम नहीं बताया गया है.

बयान के मुताबिक, सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है. जिले की खुफिया एजेंसी के एक सूत्र ने नाम न बताने की शर्त पर RSE/RL के रेडियो मशाल को बताया कि ÷एक भीषण गोलीबारी÷ में 24 सैनिक घायल हुए हैं. दरअसल, उत्तरी वज़ीरिस्तान लंबे समय से सीमा के दोनों ओर सक्रिय आतंकवादियों का गढ़ रहा है. हाल के सालों में, टारगेट किये गए हत्याओं में नागरिक और सुरक्षा बल मारे गए हैंपाकिस्तानी अधिकारियों का कहना है कि हाल के महीनों में हमलों में वृद्धि हुई है. इनमें से कई पर पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) ने कब्ज़ा कर लिया है. अफगान तालिबान के देश से अमेरिकी नेतृत्व वाली सेनाओं की वापसी के बाद सत्ता में वापस आने के बाद, कई टीटीपी सदस्यों ने कथित तौर पर अफ़गानिस्तान में शरण ली है।

## शंघाई मास्टर्स: अल्काराज़ ने शांग को हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया



शंघाई। बीजिंग फाइनल में जानिक सिनर पर अपनी रोमांचक जीत के कुछ ही दिनों बाद, कार्लोस अल्काराज़ ने शंघाई मास्टर्स में अपना दबदबा जारी रखा और दूसरे दौर में चीन के उभरते सितारे शांग जुनचेंग को 6-2, 6-2 से आसानी से हरा दिया।

अल्काराज़, जो अपने 18 वर्षीय प्रतिद्वंद्वी से तीन साल बड़े हैं, ने स्वीकार किया कि एटीपी टूर पर खुद से कम उम्र के किसी खिलाड़ी का सामना करना असामान्य लगा। मैच के बाद अल्काराज़ ने कहा, मुझे अपने से कम उम्र के खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने की आदत नहीं है। वह हाल ही में अच्छा टेनिस खेल रहा है, उसने अपना पहला एटीपी (चेंगदू में खिताब) जीता है, इसलिए मुझे पूरा यकीन है कि वह रैंकिंग में ऊपर जाएगा। मैं इस तरह के मैच जीतने में सक्षम होने से खुश हूं।

शुरुआत से ही, अल्काराज़ ने शंघाई के दर्शकों के सामने शानदार खेल दिखाया, पहले नौ अंक जीतकर मैच की शुरुआत की और तुरंत ही शांग की सर्विस तोड़ दी। स्पैनियार्ड के आक्रामक नेट प्ले और शक्तिशाली रिटर्न ने उनके प्रतिद्वंद्वी को पूरे समय बैकफुट पर रखा। अल्काराज़ ने सात में से चार ब्रेक पॉइंट को बदला और अपने सभी सात नेट एप्रोच जीते।

मैच का एक मुख्य आकर्षण दूसरे सेट की शुरुआत में आया जब अल्काराज़ ने पीछे हटने के लिए मजबूर होने के बाद एक शानदार बैकवर्ड फ्लिक किया और एक अंक बचाया। उन्होंने उस रैली को जीत लिया और मैच में अपने सामने आए एकमात्र ब्रेक पॉइंट को बचाकर अपनी 3-1 की बढ़त बनाए रखी। शांग, जो स्पष्ट रूप से मात खा रहे थे, लेकिन अच्छे मूड में थे, अल्काराज़ के धमाकेदार रिटर्न के बाद केवल मुस्कुराए, जिससे तीसरे सीड के लिए एक और गेम पक्का हो गया। हार के बावजूद, शांग ने एक यादगार अनुभव के साथ कोर्ट छोड़ा।

## दिवांशी ने जीता दूसरा स्वर्ण, महिला 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में भारत का क्लीन स्वीप



नई दिल्ली। पिस्टल निशानेबाज दिवांशी ने लीमा में चल रही अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) जूनियर विश्व चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल/शॉटगन में महिलाओं की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में दूसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता, जिससे भारत ने इस स्पर्धा में क्लीन स्वीप किया। जूनियर निशानेबाजों ने दो स्वर्ण सहित पांच और पदक अपने खाते में जोड़े।

सूरज शर्मा ने जूनियर पुरुष स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता, जबकि मुकेश नेलावल्ली, जिनके पास पहले से ही इस प्रतियोगिता में चार स्वर्ण पदक हैं, को इस स्पर्धा में कांस्य पदक मिला। दिवांशी ने जूनियर महिला स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में 600 में से 564 अंक हासिल किए, जिससे वह टीम की साथी परीशा गुप्ता से आगे रहीं, जिन्होंने 559 अंक हासिल किए। मानवी जैन के 557 अंक ने इस स्पर्धा में भारत का क्लीन स्वीप सुनिश्चित किया- जो प्रतियोगिता में पहली बार हुआ। भारत ने चौथा स्थान भी प्राप्त किया, क्योंकि शिखा चौधरी ने 554 अंक प्राप्त किए, जिससे वह एस्टोनिया की मार्जा किर्स से एक अंक आगे रहीं। इसी तरह पुरुष स्पर्धा में सूरज शर्मा ने 571 अंक प्राप्त किए, तथा पोलैंड के इवान राकिस्टस्की से आगे रहे, जिन्होंने 568 अंक प्राप्त कर रजत पदक जीता। मुकेश ने भी 568 अंक प्राप्त किए, लेकिन काउंटबैक में कांस्य पदक जीता। हरसिमर सिंह रत्था (565), राजवर्धन सिंह पाटिल (562) तथा प्रद्युम्न सिंह (562) क्रमशः सातवें, आठवें तथा नौवें स्थान पर रहे। जूनियर महिलाओं की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में मेलविना जोएल ग्लैडसन (617.5) 14वें स्थान पर रहकर सर्वश्रेष्ठ भारतीय रहीं। प्राची गायकवाड़ (616.7), खुशी (615.1) और आध्या अग्रवाल (614.2) तथा अनुष्का थोकुर (611.9) क्रमशः 19वें, 26वें, 27वें तथा 35वें स्थान पर रहीं।

## देशभर में काटे गए 1.77 करोड़ मोबाइल कनेक्शन, कॉल भी किए ब्लॉक

नई दिल्ली । केंद्र ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित उपकरणों का उपयोग करके अब तक 1.77 करोड़ मोबाइल कनेक्शन काट दिए गए हैं। इसके अंतर्गत वह मोबाइल कनेक्शन काटे गए हैं। इनमें नकली या जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया था। इसके अलावा, चार दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) ने दूरसंचार विभाग (डीओटी) के सहयोग से एक उन्नत प्रणाली को सफलतापूर्वक लागू किया है। इसके तहत अब तक 45 लाख फर्जी अंतर्राष्ट्रीय कॉलों को भारतीय दूरसंचार नेटवर्क में आने से रोका गया है। संचार मंत्रालय ने कहा, अगले चरण में एक केंद्रीकृत प्रणाली शामिल होगी, जो सभी टीएसपी में शेष बची फर्जी कॉलों को समाप्त कर देगी, इसके शीघ्र ही चालू होने की उम्मीद है। वहीं दूरसंचार विभाग ने एक उन्नत प्रणाली शुरू की है। इसके तहत भारतीय दूरसंचार उपभोक्ताओं तक पहुंचने से पहले आने वाली अंतर्राष्ट्रीय फर्जी कॉलों की पहचान करने और उन्हें ब्लॉक करने के लिए तैयार की गई है।

इस व्यवस्था को दो चरणों में लागू किया जा रहा है। पहला चरण टीएसपी स्तर पर लागू किया जा रहा है। इसके तहत अपने ग्राहकों के फोन नंबर से आने वाली फर्जी कॉल को रोका जा सकेगा। दूसरा चरण केंद्रीय स्तर पर लागू किया जा रहा है। इसके तहत दूसरे टीएसपी के ग्राहकों के फोन नंबर से आने वाली फर्जी कॉल को रोका जा सकेगा। 1.77 करोड़ मोबाइल कनेक्शनों पर कार्रवाई के तहत केंद्र ने देश के साइबर अपराध हॉटस्पॉट/जिलों में साइबर अपराधियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले 33.48 लाख मोबाइल कनेक्शन काट दिए और 49,930 मोबाइल हैंडसेट ब्लॉक कर दिए।

## पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने किया प्लेइंग इलेवन का ऐलान



नई दिल्ली। इंग्लैंड क्रिकेट टीम को पाकिस्तान के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। अब 7 अक्टूबर से मुल्तान में शुरू होने वाले टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने अपनी प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है।

पहले मैच में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स चोटिल होने की वजह से नहीं खेलेंगे। उनकी जगह पहले टेस्ट में कप्तानी की जिम्मेदारी ओली पोप संभालेंगे। पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में डरहम के तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्से अपना टेस्ट डेब्यू करेंगे। समरसेट के स्पिनर जैक लीच जनवरी में भारत दौरे के बाद पहली बार टेस्ट सेट-अप में वापसी कर रहे हैं। इंग्लैंड की टीम को उनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

वहीं ओपनर बल्लेबाज जैक क्रॉली अंगुली की चोट से पूरी तरह से ठीक हो गए हैं और उनकी प्लेइंग इलेवन में वापसी हुई है। पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में बल्लेबाजी की जिम्मेदारी जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट और हैरी ब्रूक पर होगी। डकेट और ब्रूक पिछले कुछ समय से बहुत ही शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और उन्होंने अपने दम पर इंग्लैंड की टीम को कई मैच जिताए।

## अमेरिकी सेना ने हूतियों के 1 दर्जन से अधिक ठिकानों पर की हवाई हमला

वाशिंगटनः अमेरिकी की सेना ने यमन के हूतियों को बड़ा सबक सिखाया है। लाल सागर और अदन की खाड़ी में हूतियों के हमले के विरोध में अमेरिकी सेना ने हूतियों के 1 दर्जन से अधिक ठिकानों को हवाई हमले में ध्वस्त कर दिया है। अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने हूती विद्रोहियों के एक दर्जन से अधिक ठिकानों पर शुक्रवार को यह लक्षित हमला किया। इस दौरान हूती के हथियार प्रणालियों, अड्डों और अन्य उपकरणों को निशाना बनाया गया। अमेरिकी अधिकारियों ने इस हमले की पुष्टि की।

यमन के हूती विद्रोहियों को ईरान का समर्थन प्राप्त है। अधिकारियों के अनुसार, हूती विद्रोहियों के पांच स्थानों पर स्थित विभिन्न ठिकानों पर सैन्य विमानों और युद्धपोतों के जरिए बमबारी की गई। इससे पहले की खबरों में कहा गया था कि हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हवाई हमलों में ब्रिटेन भी शामिल था। लेकिन बाद में अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इन हमलों में ब्रिटेन शामिल नहीं था।हूती मीडिया में जारी खबरों में बताया गया कि प्रमुख बंदरगाह शहर होदेदा के हवाई अड्डे तथा हूती नियंत्रण वाले सैन्य अड्डे कथीब पर सात हमले किए गए। इसमें बताया गया कि यमन की राजधानी सना के सेयाना क्षेत्र में चार तथा धमार प्रांत में दो हमले किए गए। हूती मीडिया कार्यालय ने बताया कि सना के दक्षिण-पूर्व में बायदा प्रांत में भी तीन हवाई हमले किए गए। अमेरिकी की सेना ने ऐसे समय में ये हमले किए हैं जब कुछ ही दिन पहले हूती विद्रोहियों ने यमन में एक अमेरिकी सैन्य ड्रोन को मार गिराने के बाद इजराइल में च्सैन्य अभियान तेज करनेज् की धमकी दी थी। (एपी)

## प्रथम पेज का शेष

***हरियाणा और जम्मू-कश्मीर चुनाव...***

कांग्रेस और नेशनल कांग्रेस की सरकार बनती दिख रही है।

0 एग्जिट पोल और ओपिनियन पोल में फर्क- ओपिनियन पोल और एग्जिट पोल चुनावी सर्वे है। ओपिनियन पोल को चुनाव से पहले किया जाता है। इसके नतीजे भी चुनाव से पहले जारी होते हैं। इसमें सभी लोगों को शामिल किया जाता है। मतलब जरूरी नहीं कि सर्वे के सवालों का जवाब देने वाला मतदाता ही हो। इस सर्वे में अलग-अलग मुद्दों के आधार पर जनता के मूड का अनुमान लगाया जाता है। एग्जिट पोल चुनाव के दौरान किया जाता है। इसके नतीजे सभी फेज के मतदान खत्म होने के बाद जारी किए जाते हैं। एग्जिट पोल एजेंसियों के अधिकारी वोटिंग के दिन मतदान केंद्रों पर मौजूद होते हैं। वे मतदान करने के बाद वोटर्स से चुनाव से जुड़े सवाल पूछते हैं। वोटर्स के जवाब के आधार पर रिपोर्ट बनाई जाती है। रिपोर्ट का आकलन किया जाता है, जिससे पता चले कि वोटर्स का रुझान किस तरफ ज्यादा है। इसके बाद नतीजों का अनुमान लगाया जाता है।

0 हरियाणा में पिछले 3 विधानसभा चुनावों के एग्जिट पोल...- 2019 में जाट वोट बैंक बंटा, कांग्रेस को 17 सीटों का फायदा हुआ। हरियाणा में 22.2 प्रतिशत जाट वोटर्स हैं। राज्य की 90 में से 40 से ज्यादा विधानसभा सीटों पर इनका प्रभाव है। 2014 के विधानसभा चुनाव में जाटों ने बड़ी संख्या में भाजपा को वोट दिया था। इसके कारण भाजपा ने 47 सीटों के साथ बहुमत हासिल किया और कांग्रेस 10 साल की सत्ता से बाहर हो गई। हालांकि 2019 में जाट भाजपा के खिलाफ हो गए। इसका असर रिजल्ट पर देखने को मिला। भाजपा 47 से 40 सीटों पर आ गई। जेजेपी और 7 निर्दलीय विधायकों के साथ भाजपा ने सरकार बनाई। कांग्रेस को 17 सीटों का फायदा हुआ। पार्टी ने 2014 में 15 सीटें जीती थीं। 2019 में यह आंकड़ा 31 हो गया।

विधानसभा त्रिशंकु रही तो पीडीपी और निर्दलीय किंगमेकर होंगे- जम्मू-कश्मीर विधानसभा की 90 सीटों पर हुई वोटिंग में 908 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। इनमें 365 निर्दलीय थे। जम्मू-कश्मीर में 1967 से 2024 तक किसी भी विधानसभा चुनाव में निर्दलियों की यह दूसरी सबसे बड़ी संख्या है। पिछली विधानसभा चुनाव 2014 में भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाने वाली पीडीपी ने इस बार सभी 90 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ा। त्रिशंकु विधानसभा की स्थिति में पीडीपी और निर्दलीय विधायक किंगमेकर साबित हो सकते हैं। इंजीनियर राशिद की पार्टी भी सरकार बनाने की भूमिका में हो सकती है।

***इस बार एक नहीं...***

यह जानकारी समय-सीमा में संस्कृति विभाग को दी जाएगी। तीन दिवसीय राज्योत्सव समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की जाएगी। राज्योत्सव स्थल में मंच, पंडाल और सजावट का काम लोक निर्माण विभाग एवं सीएसआइडीसी के सहयोग से किया जाएगा। साथ ही, फूड कोर्ट, पार्किंग और स्टाल की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

मेला स्थल पर पेय जल, साफ-सफाई, चिकित्सा सहायता, पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी एनआरडीए, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और नगर निगम रायपुर को दी गई है। आयोजन स्थल पर 24 घंटे विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था ऊर्जा विभाग और एनआरडीए द्वारा की जाएगी। जिला मुख्यालयों में पांच नवंबर को एक दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव भी आयोजित किया जाएगा।

***चुनावी बॉन्ड : सुप्रीम कोर्ट ने समीक्षा ...***

जानने के नागरिकों के अधिकार और उनके बीच संभावित लेन-देन की व्यवस्था प्रभावित होती है। अदालत ने बॉन्ड जारी करने वाले स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) को इससे संबंधित सभी आंकड़े चुनाव आयोग को अपनी वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया था। शीर्ष अदालत का यह फैसला एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं के पर आया था। इसके बाद चुनाव आयोग की वेबसाइट पर आंकड़े अपलोड होने पर पता चला कि राजनीतिक दलों ने करीब 16,518 करोड़ रुपये के इलेक्टोरल बॉन्ड भुनाए थे।

***सीएम हाउस अब नया रायपुर में ..***

65 करोड़ रुपये की लागत से हुआ है। बाहरी सुरक्षा अभी से कड़ी कर दी गई है। यहां चारों दिशाओं में सीसीटीवी कैमरे के जरिए गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। वहीं नए सीएम हाउस को हाइटेक सुरक्षा व्यवस्था से लैस किया गया है। यहां एक कंट्रोल रूम भी बनाया गया है, जिसकी लगातार मानिटरिंग की जा रही है।

***सीएम साय जाएंगे दिल्ली ..***

0 नक्सलियों से हिंसा का रास्ता छोड़ने की अपील - मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि, हम माओवादियों से अपील करते हैं कि वे हिंसा का रास्ता छोड़कर विकास की मुख्यधारा में शामिल हों। नक्सल प्रभावित इलाकों में सरकार द्वारा निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं। सड़कें, बिजली, पानी और स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं, जिससे लोगों का जीवन स्तर बेहतर हो सके। केंद्रीय गृहमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों को और तेज करने के लिए केंद्र से विशेष सहयोग की भी मांग की जाएगी। 0 नक्सल ऑपरेशन में मिली बड़ी कामयाबी- उन्होंने आगे कहा कि, आज नारायणपुर-दंतेवाड़ा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 28 नक्सलियों के मारे जाने की खबर ने पूरे राज्य में सुरक्षा बलों के हौसले को नई ऊर्जा दी है। इस ऑपरेशन को लेकर सीएम श्री साय ने सुरक्षाबलों को बधाई दी और कहा कि, यह कामयाबी हमारे सुरक्षा बलों की मेहनत और साहस का नतीजा है। मैं उन्हें उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई देता हूं। राज्य सरकार नक्सलवाद के खिलाफ इस संघर्ष को अपने अंतिम अंजाम तक पहुंचाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सीएम श्री साय ने आगे कहा कि, छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ जारी इस लड़ाई में हमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का भी पूरा सहयोग मिला है। उनकी रणनीति और मार्गदर्शन के चलते ही माओवादियों के खिलाफ यह सफल अभियान चलाया जा रहा है।

***लोहारडीह आगजनी और हत्याकांड ..***

गिरफ्तार 69 लोगों में विचाराधीन बंदी प्रशांत साहू की कस्टडी में मौत हो गई। दोषियों पर होगी कार्रवाई : विजय शर्मा- उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कांग्रेस के आरोपों पर कहा कि इन्वेस्टिगेशन एजेंसी को जांच करने देना चाहिए, स्वयं ही जांच एजेंसी नहीं बनना चाहिए। मैं यह पूछना चाहता हूं कि बिरनपुर में भुनेश्वर साहू को मारा गया, तब उनके गृह मंत्री क्यों नहीं गए? कवर्धा में जब लोगों को पीटा गया उस समय तत्कालीन मुख्यमंत्री बघेल कहां थे। इन्वेस्टिगेशन पूरा होगा और सभी मामलों की जांच होगी, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

***छत्तीसगढ़ में प्राधिकरणों के बाद...***

वह अभी वर्त्तमान में भारतीय जनता युवा मोर्चा सरगुजा के जिलाध्यक्ष हैं। संगठन के प्रति समर्पित विश्वविजय सिंह ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़कर सबसे पहले कार्य करना शुरू किया था। उसके बाद भारतीय जनता युवा मोर्चा के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कुशलतापूर्वक करते हुए नगर निगम अंबिकापुर में पार्षद का चुनाव भी जीता। नेहरू राम बने पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष- नेहरू राम निषाद को छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शुक्रवार को इसका आदेश पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग ने जारी किया। नेहरू राम निषाद धमतरी के निवासी है। महिला आयोग में चार सदस्यों की नियुक्ति- महिला आयोग में चार सदस्यों की नियुक्ति हुई है। इनमें लक्ष्मी वर्मा (बलौदाबाजार), सरला कोसरिया (महासमुंद), ओजस्वी मंडावी (दंतेवाड़ा), दीपका सोरी (सुकमा) और प्रियबंदा सिंह जूदेव (जशपुर) को सदस्य बनाया गया है। अभी अध्यक्ष का पद खाली नहीं हुआ है, इसलिए आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्त नहीं हुई है। अभी महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक ही है।

# बच्चों के अपग्रेड होने के लिए पालकों का अपग्रेड होना आवश्यक

**कल्लूबंजारी (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला स्तर पर कल्लूबंजारी में स्थानीय सरपंच डोमेन कुमार पटेल के उपस्थिति में द्वितीय पालक-शिक्षक मेगा बैठक गत 4 अक्टूबर को संकुल भवन में आयोजित की गयी जहां सरपंच ने कहा कि बच्चों के अपग्रेड होने के लिए पालकों का अपग्रेड होना आवश्यक है।**



कल्लूबंजारी में पालक-शिक्षक मेगा बैठक आयोजित

पालक-शिक्षक मेगा बैठक के मुख्यवक्ता मिडिल स्कूल के उच्च वर्ग शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी ने मेगा बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा के स्तर को बनाये रखने के लिए बच्चों की अच्छी पढ़ाई के साथ-साथ पालकों एवं शिक्षकों के बीच में भी समन्वय बनाकर अकादमिक कार्ययोजना बनाने की आवश्यकता है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करनेए उन्हें बच्चे की प्रगति से अवगत कराने एवं बच्चों में भविष्य की संभावनाओं का आकलन कर पालकों के साथ समन्वय साधते हुए संयुक्त रूप से परिणाम उन्मुखी प्रयास करने हेतु विद्यालय स्तर पर पालक-शिक्षक मेगा बैठक रखा गया है। श्री कुरेटी ने मेरा कोना, छात्र दिनचर्या, बच्चें ने आज क्या सीखाए बच्चा बेझिझक बोलेगा, बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा समय, बस्ता रहित शनिवार, विद्यार्थियों के आयु अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी, जाति/आयध्निवास प्रमाण पत्र, न्योता भोज विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं/छात्रवृत्ति एवं विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्म से पालकों को अवगत कराने सहित पर अपर छात्र कोड पर विस्तृत एवं सटीक विश्लेषण कर विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर पालकों से अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सजग रहने का आव्हान किया।

स्थानीय सरपंच डोमेन कुमार पटेल ने बच्चों के बहुमुखी विकास के लिए शिक्षकों, पालकों एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों को भी अपने कर्तव्यों के प्रति सदैव जागरूक रहने का संदेश दिया। बच्चों के अपग्रेड होने के लिए पालकों का अपग्रेड होना आवश्यक है। सरपंच श्री पटेल ने पालकों से अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सदा जागरूक रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सरपंच डोमेन कुमार पटेल, उपसरपंच हेमीन बाई साहू, प्रधानपाठक यु. एस.मंडावी, पालक-शिक्षक संघ के अध्यक्ष दिलहरण पटेल, एसएमसी के अध्यक्ष रामेश्वरी मंडावी, उपाध्यक्ष बाबूलाल पटेल, पालकगण दुर्योधन फूले, जगनूराम ठाकुर, रामाधीन, सुमित्रा ध्रुर्वे, दुलारी बाई चन्द्रवंशी, रूहेलीन बाई कंवर, भुनेश्वरी बाई कंवर, अरविन्द ताम्रकार, सोहन पटेल, टोमन लाल ठाकुर, चैतीबाई साहू, चित्राबाई कोर्राम एयशोदा बाई पटेल, नरबदिया बाई पटेल, सुनिता रामटेके, ममता पटेल शिक्षकगण चुम्मन लाल भुआर्य, जगन्नाथ नेताम, तिलक राम बढ़ई, शोभराय कार्ते आदि सहित बड़ी संख्या संख्या में पालकगण एवं शिक्षकगण में उपस्थित थे।

# भीषण महंगाई : डबल इंजन सरकार के खिलाफ गुस्से से उबल रहे लोग - सूर्यकांत जैन

**राजनांदगांव (दावा)। राजनंदगांव शहर कांग्रेस कमेटी दक्षिण ब्लॉक के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने अपने एक जारी बयान में कहा कि सरकार द्वारा मुफ्त चावल का भात खाकर और मुफ्त का नमक चाट कर ही जिंदा रहना पड़ेगा। ऐसी नौबत आ गई है ऐसा इसलिए कहा जा रहा है। कि दाल सब्जी तेल मसाले आदि रोजमर्रे की जरूरत की चीज दिनों दिन महंगी से और महंगी होती जा रही है। डीजल पेट्रोल मिट्टी तेल रसोई गैस इन सब की कीमतें भी आसमान छू रही है।**



कहा - रोजमर्रे की जरूरत की चीजों के भाव आसमान छू रहे लोगों का जीना हुआ मुश्किल

ऐसी स्थिति में आम आदमी करें तो क्या करे खुद का और परिवार का भरण पोषण करने के लिए भीषण संघर्ष करते हुए सोचना पड़ रहा है। श्री जैन ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के विष्णुदेव साय नीत भाजपा सरकार और केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत राजग सरकार यह दोनों ही बाजार में अवश्यक वस्तुओं की कीमतों के नियंत्रण में असफल साबित हुई है। आम आदमी के मन इतना गुस्सा भर गया है। कि वह भीषण महंगाई के लिए डबल इंजन की सरकार को कोस रहे हैं। उदाहरण के लिए लहसुन और पत्ता धनिया 400 रुपये किलो प्याज 70 रुपये किलो हो गया है। कुछ दिन पहले खाद्य तेल 1650 रुपए तीन था वह 1900 हो गया है। चावल भी साधारण चावल भी 25 से 30 रुपए किलो चल रहा है। सामान्य सब्जियों के भाव 50-60 रुपए किलो चल रहे हैं। लोगों को आम जीवन के लिए खान-पान में साधारण चीजों का भी रेट आसमान छू रहा है दाल मटर शक्कर चाय पत्ती जो लोगों को प्रतिदिन सेवन करना होता है।

ऐसी चीजों में भी डबल इंजन की सरकार लगातार कीमतों में बढ़ोतरी कर रहे हैं। जिससे आम लोगों का जीवन कठिनाइयों से गुजर रहा है। डबल इंजन की भाजपा सरकार से लोगों का मन ऊबने लगा है। जिसके वजह से भाजपा की डबल इंजन सरकार का ग्राफ अब दिनों दिन गिर रहा है।

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 'भेंट मुलाकात' घोषणा पर अमल नहीं कर रही है साय सरकार - गायकवाड़

**राजनांदगांव (दावा)। इस क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गोपीचंद गायकवाड़ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर वर्तमान बीजेपी की विष्णु देव साय की सरकार पर ये गंभीर आरोप लगाया है कि हमारे छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जो घोषणा की है उस पर यह सरकार अमल नहीं कर रही है।**



उन्होंने आगे बताया कि भेंट मुलाकात कार्यक्रम अंतर्गत जब आम जनता की समस्याओं से रूबरू होने के लिये तात्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजनांदगांव जिला के ग्राम सुकुदैहान आये थे तब क्षेत्र की जनता की मांग पर उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सुकुलदैहान में आत्मानंद (इंग्लिश मिडियम) स्कूल प्रारंभ करने, पुलिस चौकी खोलने तथा किसानों की सुविधाओं को मद्देनजर रखते हुए सोसाइटी शुरू करने, जिला सहकारी बैंक की शाखा खोले जाने जैसी अनेक घोषणा की थी जिनमें उनके ही कार्यकाल में आत्मानंद स्कूल पुलिस चौकी और जो किसान पटरी पार करके अपना अनाज बेचने भानपुरी सोसायटी जाते थे उनकी सुविधा के लिये सुकुलदैहान गातापार में सोसायटी का प्रारंभ हो चुका है।

इसके लिये किसानों ने पूर्व मुख्यमंत्री का आभार भी माना है लेकिन लेन देन करने के लिये जिला सहकारी बैंक शाखा सुकुलदैहान में खोले जाने की ऐतिहासिक घोषणा की थी उस पर भाजपा की सरकार जान-बूझकर अमल नही कर रही है वर्तमान मुख्यमंत्री अपने आपको दुलरवा बेटा कहलवाकर खुद प्रशंसा के पूल बहा रही है तथा छ.ग. के तमाम वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं पर झूठे लोहमत लगाकर उन्हें फंसाने का षडयंत्र रच रही है। गोपीचंद गायकवाड़ ने यह भी कहा कि यदि छ.ग. कि भाजपा सरकार सचमुच किसानों का भला चाहती है तो सुकुदैहान में अविलंब जिला सहकारी बैंक शाखा खोलने जिससे पटरी पार कर लंबी दूरी तय करते हूये सभी किसानों को तुमड़ीबोड न जाना पड़े उनको आर्थिक क्षति न होवे और समय की भी बचत हो उन्होंने वर्तमान जिला पंचायत सदस्य से भी यह भी पूछा है कि इस दिशा में उन्होंने क्या कदम उठाये है जबकि क्षेत्र की जन प्रतिनिधि होने के नाते उन्हे स्वयं पहल करनी चाहिये क्योंकि सुकुदैहान उनका निवास ग्राम है।

# मेजबान दुर्ग संभाग का बॉस्केटबॉल, हॉकी में दबदबा

राजनांदगांव (दावा)। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित एवं जिला शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत बॉस्केटबॉल, हॉकी, तैराकी, वॉटरपोलो, शतरंज, बेसबॉल की प्रतियोगिता नगर के विभिन्न खेल मैदानों में आयोजित की जा रही है। जिसके तहत बॉस्केटबॉल 17 वर्ष बालिका वर्ग में बिलासपुर ने बस्तर को 9-3 अंकों से मेजबान दुर्ग ने बिलासपुर को 39-0 अंकों से बालक वर्ग में दुर्ग ने बिलासपुर को 39-11 अंकों से बिलासपुर ने बस्तर को 18-12 अंकों से 19 वर्ष बालिका वर्ग में बस्तर ने बिलासपुर को 30-0 अंकों से दुर्ग ने बिलासपुर को 33-0 अंकों से बस्तर ने बिलासपुर को 33-29 अंकों से रायपुर ने बस्तर को 46-25 अंकों से पराजित किया। दिग्विजय स्टेडियम में खेली जा रही है, बेसबॉल बालक वर्ग में दुर्ग ने सरगुजा को 13-3 अंकों से बस्तर ने रायपुर को 11-1 अंकों से बिलासपुर ने बस्तर को 4-1 अंकों से रायपुर ने सरगुजा को 6-5 अंकों से बिलासपुर ने दुर्ग को 10-0 अंकों से बिलासपुर ने रायपुर को 8-0 अंकों से बिलासपुर ने सरगुजा को 6-2 अंकों से दुर्ग ने रायपुर को 10-0 अंकों से पराजित किया।



24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता

वहीं बालिका वर्ग में सरगुजा ने दुर्ग को 11-1 अंकों से बस्तर ने रायपुर को 4-0 अंकों से बस्तर ने सरगुजा को 8-0 अंकों से बिलासपुर ने रायपुर को 14-0 अंकों से पराजित किया। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही है, बालिका वर्ग में दुर्ग जोन ने रायपुर को 7-0 गोल से सरगुजा जोन ने रायपुर को 6-0 गोल से बिलासपुर ने सरगुजा को 2-1 गोल से बालक वर्ग में सरगुजा ने बिलासपुर को 4-0 गोल से दुर्ग ने रायपुर को 4-0 गोल से पराजित किया। प्रतियोगता अंतर्गत 5 अक्टूबर तीसरे दिन का मैच सुबह से खेला जायेगा।

# संकुल स्तरीय सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन



डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड डोंगरगढ़ में संचालित भारत स्काउट गाइड द्वारा शासकीय हाईस्कूल सेंदरी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई।

जन्म दिवस के अवसर पर स्काउट गाइड ने सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। स्वच्छता ही सेवा है के तहत कार्य शाला का आयोजन प्रांगण में किया गया। स्वच्छता को लेकर मैथ्स गार्डन, साइकल स्टैंड, बोरिंग के आसपास सफाई कार्य किया गया।

इसके अलावा चिकित्सा संबंधी जानकारी, नियम, प्रतिज्ञा, मौन प्रार्थना कोर्ट आफ आनर दीक्षा संस्कार के संबंध में जानकारी से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में पूर्व स्काउट चंद्रहास महिलांगे, लक्ष्मी दास साहू उपस्थित रहे। दीक्षित स्काउट को प्राचार्य श्रीमती किरण मिश्रा ने उनके भविष्य की उज्जवल कामना की, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कौर मैडम एवं स्काउट गाइड विकासखण्ड अध्यक्ष दविन्दर सिंह भाटिया ने शुभकामनाएं मंगलमय की कामनाएं की। कार्यक्रम का संचालन स्काउट मास्टर लेखराम वर्मा सेंदरी ने किया।

# गणित विभाग में परिषद गठन संपन्न



अध्यक्ष के रूप में चन्द्रबली देवांगन का चयन

डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती के दिशा निर्देशन में महाविद्यालय के गणित विभाग में सत्र 2024-25 हेतु परिषद गठन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती, विशिष्ट अतिथि के रूप में विज्ञान संकायाध्यक्ष श्रीमती सोनाली लोया, ओमप्रकाश वर्मा, प्रभात बैस, डॉ. राजेश्वरी ठाकुर एवं देवश्री देवांगन उपस्थित थी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

गणित विभाग के प्राध्यापक डॉ. निर्वेद कुमार शर्मा ने परिषद के पदाधिकारियों के नामो की घोषणा की जिसमें अध्यक्ष के रूप में चन्द्रबली देवांगन, उपाध्यक्ष त्रिवेणी, सचिव ओमप्रकाश सोनवानी, सहसचिव कुशन, कोषाध्यक्ष साहिद खान एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में दुर्गेश नेताम, कीर्तिन, यशस्वी, तनु एवं शीतल को मनोनीत किया गया। प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती द्वारा परिषद गठन के महत्व एवं ज़िम्मेदारियों के बारे में छात्र छात्राओं को अवगत कराया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को भविष्य में गणित विभाग द्वारा की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के सफल संचालन करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.निर्वेद शर्मा ने किया।

# निर्माणी मजदूरों का प्रदेश अधिवेशन आज रायपुर में

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय मजदूर संघ से सबद्ध छत्तीसगढ़ निर्माण मजदूर महासंघ का त्रिवार्षिक अधिवेशन आगामी 06 अक्टूबर को भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश कार्यालय न्यू चगोराभांठा रायपुर में आयोजित किया गया है। अधिवेशन दोपहर 11.30 बजे से प्रारंभ होकर शाम 04.00 बजे समाप्त होगा।



अधिवेशन का उद्घाटन भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष शोभा सिंहदेव व प्रदेश महामंत्री दिनेश पांडे करेंगे। भामसं के जिला मंत्री व निर्माणी मजदूर संघ जिला राजनांदगांव के महामंत्री नरेश कुमार साहू ने एक प्रेस बयान में उक्ताशय की जानकारी देते हुये बताया कि प्रदेश में इन दिनों निर्माणी मजदूरों की माली हालत दयनीय बनी हुई है। निर्माणी मजदूरों के कल्याण के लिये बनाये गये कर्मकार मंडल की गतिविधियां पूरे प्रदेश में शून्य हो रही है, वांछित मजदूरों का न तो समय पर पंजीयन हो पा रहा है और न ही पंजीकृत मजदूरों को योजनाओं का समय पर लाभ भी नहीं मिल पा रहा है, उस पर से तुर्रा यह कि पंजीयन की प्रक्रिया को दिनो-दिन जटिल करके ट्रेड यूनियनों की भूमिका को ही समाप्त कर दिया गया है, जिससे प्रदेश के निर्माणी मजदूरों में भयंकर आक्रोश है। भामसं द्वारा निर्माणी मजदूरों के लिये कराये जा रहे इस अधिवेशन में प्रदेशभर में कार्यरत् निर्माण मजदूरों की सभी पंजीकृत ट्रेड यूनियनें भाग ले रही है जिसमें प्रदेश में निर्माणी मजदूरों पर आये संकट पर जहॉं चर्चा कर विचार विमर्श किया जायेगा। वही अनेक प्रस्ताव पारित कर राज्य सरकार व केन्द्र सरकार को भेजा जायेगा।

# बैगापारा में बना सोनकर समाज का सामुदायिक भवन

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा वार्ड नं. 33 लखोली बैगा पारा में अधोसंरचना मद अंतर्गत 20 लाख रूपये की लागत से सोनकर समाज के लिये भवन का निर्माण किया गया है।



महापौर ने किया लोकार्पण

जिसका आज लोकार्पण करते हुये महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने कहा कि वार्ड पार्षद एवं सामाजिक बंधुओं की मांग पर निगम द्वारा 20 लाख रूपये की लागत से बड़ा हाल, दो कमरा, शौचालय के साथ सर्वसुविधायुक्त भवन का निर्माण किया गया है। भवन निर्माण होने से समाज के लोगों को सामाजिक, धार्मिक एवं अन्य आयोजनों के लिये एक सर्वसुविधायुक्त उचित स्थान मिल गया। उन्होंने कहा कि सोनकर समाज बड़ा समाज है, समाज के लोग अब शिक्षित होकर समाज हित में कार्य कर रहे है। समाज को आगे बढ़ाने के लिये समाज के अंतिम व्यक्ति की चिन्ता करनी होगी, समाज के लोगों के आर्थिक उन्नति, बच्चों की शिक्षा में समाज का योगदान होना चाहिये, तब सोनकर समाज अन्य समाज की तरह प्रगतिरत होगा।

बैगापारा में एक संक्षिप्त एवं गरिमामय आयोजन में पूजा अर्चनाकर, फीता काटकर पट्टीका का अनावरण कर महापौर श्रीमती देशमुख ने लोककर्म विभाग के प्रभारी सदस्य मधुकर वंजारी, बाजार विभाग की प्रभारी सदस्य व वार्ड पार्षद श्रीमती दुलारी बाई साहू, पुर्नवास एवं नियोजन विभाग के प्रभारी सदस्य भागचंद साहू, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा व गप्पू सोनकर तथा समाज के अध्यक्ष चुन्नीलाल सोनकर की उपस्थिति में लोकार्पण किया।

प्रभारी सदस्य व वार्ड पार्षद श्रीमती दुलारी साहू ने कहा कि समाज वालो की मांग पर महापौर हेमा देशमुख ने अपनी 20 लाख रूपये से भवन का निर्माण कराया जिसके लिये मैं उनका समाज एवं वार्डवासियों की तरफ से आभार व्यक्त करती हूँ और वार्ड के काम में इसी प्रकार सहयोग की अपेक्षा करती हूँ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में समाज के उपाध्यक्ष उभेलाल सोनकर, कोषाध्यक्ष नकुल सोनकर व श्यामू सोनकर, मंत्री जमेश्वर सोनकर सहित पदाधिकारियो ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। इस अवसर पर उप अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

# गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए होम राशन वितरण का शुभारंभ

मोहला (दावा)। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में अति गंभीर कुपोषित बच्चों एवं मध्यम गंभीर कुपोषित बच्चों को हमर स्वस्थ्य लईका कार्यक्रम अंतर्गत सामान्य श्रेणी में लाने की दिशा में यूनिसेफ, एबीस ग्रुप सीएसआर मद एवं जिला प्रशासन के सहयोग से संवर्धित टेक होम राशन वितरण का आज शुभारंभ किया गया। उल्लेखनीय है कि जिले में महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत तीन परियोजना संचालित है। जिले में 890 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। जिसमें 27707 हितग्राही दर्ज है। इनमें 169 अति गंभीर कुपोषित बच्चे दर्ज है। बच्चों को एबीस ग्रुप सी एस आर मद एवं यूनिसेफ के द्वारा संवर्धित टेक होम राशन प्रदाय किया जाएगा। जिले में इसका आज मानपुर के सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मोहला-मानपुर इंद्रशाह मंडावी ने संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को स्वस्थ्य और सुपोषित रखने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी मां की होती है। मां की जिम्मेदारी है कि बच्चों को कुपोषण से कैसे मुक्त रखा जाए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और एबिस ग्रुप व यूनिसेफ द्वारा कुपोषण को जड़ से खत्म करने की पहल किया गया है। उन्होंने कहा कि कुपोषण को खत्म करने के लिए सभी की सकारात्मक सहयोग की आवश्यकता है। इस अवसर पर जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने कहा कि जिले के विकास को लेकर शासन प्रशासन के द्वारा उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नवीन जिला होने के उपरांत भी जिले में लगातार नये-नये प्रयोग किया जा रहा है। यह जिले के विकास के लिए सार्थक साबित होगा। उन्होंने जिला कलेक्टर की प्रशंसा करते हुए कहा कि कलेक्टर के नेतृत्व में जिला निरंतर आगे बढ़ रहा है। कुपोषण को लेकर उन्होंने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि कुपोषण को खत्म करने के लिए समाज के सभी लोगों की सहभागिता की आवश्यकता है। उन्होंने यूनिसेफ और एबिस ग्रुप की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके द्वारा बढ़ाया गया यह कदम जिले को कुपोषण मुक्त रखने में मदद करेगा।



इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग की सचिव श्रीमती शम्मी आबिदी ने कहा कि कुपोषण राज्य की सबसे बड़ी समस्या है। बच्चों में मृत्यु होने मुख्य कारण कुपोषण है। जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए किया गया यह प्रयास कुपोषित बच्चों का भविष्य संवारने का काम करेगा। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग की संचालक श्रीमती तूलिका प्रजापति ने कहा कि सभी के समन्वित प्रयास से कुपोषण को खत्म करने में मदद मिलेगा। बच्चों के पोषण के लिए शुरू किये गये इस अभियान की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों में सुपोषण और स्वास्थ्य को सुधार करने के लिए सार्थक कदम साबित होगा। इस अवसर पर यूनिसेफ राज्य प्रमुख विल्यम हेनलोन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज शुरू किया गया। यह अभियान हजारों कुपोषित बच्चों का भविष्य संवारने का काम करेगा।

इस अवसर पर एबीस ग्रुप से डॉ. पालोमी ने कहा कि कुपोषण छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी समस्या है। इस समस्या को देखते हुए एबिस ग्रुप ने कुपोषण को जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर कलेक्टर एस.जयवर्धन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा अति गंभीर कुपोषित बच्चों की चिंता करते हुए उन्हें सामान्य श्रेणी में लाने के लिए यह प्रयास किया जा रहा है। इससे बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाया जाकर उनका भविष्य संवारा जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत जिले के अति गंभीर कुपोषित बच्चों को जिसमें 6 माह से लेकर 5 साल तक के बच्चों को संवर्धित पौष्टिक आहार प्रदाय किया जाएगा। इससे बच्चों में कुपोषण को खत्म करने में मदद मिलेगा। इस अवसर पर जनपद पंचायत मानपुर के अध्यक्ष दिनेश शाह मण्डावी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमति राधिका अंधारे, जनपद पंचायत सदस्य हरीश लाटिया, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमति रेणु टांडिया, अर्पणादेश पाण्डे यूनिसेफ, एसडीएम मानपुर अमित नाथ योगी, महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी चन्द्रशेखर मिश्रा, संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका उपस्थित थे।

# प्राथमिक शाला पिनकापार में न्योताभोज आयोजित



हरदी (दावा)। शासकीय कन्या प्राथमिक शाला पिनकापार की प्रधानपाठिका विमला बोरकर का जन्मदिन शाला प्रांगण में बड़े धूमधाम से मनाया गया। मैडम जी द्वारा न्योता भोज का आयोजन रखा गया।

इस अवसर पर कन्या माध्यमिक शाला से प्रधान पाठक श्याम किरण नुणहारे, शिक्षक नितेश कुमार लूनहरे, शिक्षिका तोमेश्वरी साहू, शिक्षिका अनिल कुंवर शेवता, संकुल समन्वयक रोशन लाल साहू, बालक प्राथमिक शाला से प्रधान पाठक शत्रुहन लाल सोनकर, सहायक शिक्षक दुर्गेश कुमार सोनकर एवं बालक माध्यमिक शाला से प्रधानपाठक धनसिंह कौमार्य, शिक्षक रूकम सिंह देवांगन, शिक्षिका हेमपुष्पा सुखदेवे और समस्त बच्चे शामिल हुए।



जगजननी दुर्गा उत्सव समिति, जमात पारा



शारदा उत्सव समिति, जय स्तंभ चौक



सार्वजनिक कालिका उत्सव समिति, गुड़ाखू लाईन हमालपारा



परमहंस दुर्गा उत्सव समिति, रामाधीन मार्ग



राजनांदगांव दुर्गा उत्सव समिति, बैगा ग्रुप मानव मंदिर चौक



मां वैष्णोदेवी उत्सव समिति, आजाद चौक

# भाजपा सरकार आई तो अब कांग्रेसी उतरे सड़क पर

## आखिर कब मिलेगा आमजनों को सुव्यवस्थित सड़क

डोंगरगांव (दावा)। शहर के एक छोर से दूसरी छोर तक निर्माणाधीन सड़क के मामले को लेकर अब कांग्रेस पार्टी सड़क पर धरना प्रदर्शन करने में लग गई है. क्षेत्र के विधायक के ड्रीम प्रोजेक्ट कहे जाने वाले इस सड़क निर्माण में प्रारंभिक दौर में प्रदेश में कांग्रेस सरकार थी, तब तक भाजपा के द्वारा इस मामले को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा था, सड़क निर्माण के मामले में वर्षों से आमनागरिक ही परेशान हो रहे हैं जबकि दोनों पार्टियाँ केवल राजनीति कर अपनी रोटी सेंक रहे हैं। नगरवासी और राहगीर निर्माण में हो रही लगातार देरी के चलते धूल के गुबार से त्रस्त हैं और इससे सेहत पर भी गंभीर असर पड़ रहा है। जल निकास की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के चलते रोड में पानी भरने के चलते अनेक दुर्घटनाएँ भी हो चुकी हैं।



बहरहाल कांग्रेस के तय कार्यक्रम के अनुसार 5 अक्टूबर शनिवार को फव्वारा चौक के समीप सड़क की दुर्दशा को लेकर क्षेत्रीय विधायक सहित पार्टी के नेतागण छः सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया, उन्होंने धरना प्रदर्शन के बाद कलेक्टर को डोंगरगांव एसडीएम के मध्य से ज्ञापन सौंपा हैं, जिसमें उन्होंने बताया है कि शहर में हो रहे सड़क निर्माण का काम अधूरा पड़ा हुआ है, जबकि निर्धारित समयावधि भी समाप्त हो चुकी है। आधे-अधूरे सड़क निर्माण के कारण सड़क किनारे दुकानदार व निवासियों सहित राहगीर अधूरे सड़क निर्माण से उत्पन्न होने वाली अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं।

मुख्य मांगों में मुख्य सड़क मार्ग के सभी गड्ढों को तुरंत भरवाये जाने, वाटर ड्रेनेज सिस्टम दुरुस्त कराने, मुख्य सड़क मार्ग निर्माण कार्य समाप्त होने तक डस्ट जोन एरिया चिन्हांकित कर प्रतिदिन तीन टाइम पानी डलवाने, मुख्य सड़क मार्ग में सभी आवश्यक स्थलों पर तुरंत दिशा सूचक रेडियम चिन्ह व बेरीकेट्स लगवाने, मुख्य सड़क मार्ग के अधूरे निर्माण से दुर्घटनाग्रस्त पीड़ितजनों को सहायता राशि शीघ्र प्रदान करने, मुख्य सड़क मार्ग का निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण शीघ्र प्रारंभ किये जाने, मुख्य सड़क मार्ग का निर्माण पूर्णता तिथि प्रकाशन करने जैसी मांगों को रखा गया है, जनहित के इन मांगों को पूर्ण नहीं किये जाने की स्थिति में शहर कांग्रेस कमेटी अपने सभी विंग अपने नेताओं के साथ उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

# संस्कारधानी में आज से रहेगी रास गरबा की धूम, आएंगे छत्तीसगढ़ के कलाकार

राजनांदगांव (दावा)। पद्मश्री पंडित गोविंद राम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आज से रास गरबा की धूम रहेगी। नवरात्रि के पर्व पर मां शक्ति की आराधना करते हुए राष्ट्रीय करणी सेना और पद्मावत महिला कल्याण समिति तथा श्री कृष्ण सांस्कृतिक महिला समिति के संयुक्त तत्वाधान में 6 अक्टूबर से लेकर 9 अक्टूबर तक राज गरबा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में छत्तीसगढ़ के कलाकार शिरकत करेंगे, वही संस्कारधानी के लोग भी इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे।



नवरात्रि के पावन पर्व पर रास गरबा के इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के कलाकार भी शामिल होंगे। वहीं कार्यक्रम में अलग-अलग राज्यों में प्रचलित राज गरबा पैटर्न की भी प्रतियोगिताएं होंगी, जिस पर प्रतिभागियों के लिए अलग-अलग पुरस्कार की राशि रखी गई है। आयोजन समिति से जुड़े सदस्यों ने बताया कि 6 अक्टूबर से आयोजन की शुरुआत की जा रही है।

इस दौरान देश के नामी कलाकार लकी तरार भी बतौर निर्णायक कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। आयोजन में जिले के अलग-अलग क्षेत्र में समाज सेवा का कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन समिति ने समाज के अलग-अलग क्षेत्र में निःस्वार्थ सेवा कर रहे लोगों का चयन कर उन्हें सम्मानित करने के लिए सम्मान समारोह का भी आयोजन रखा है। रास गरबा के इस आयोजन के दौरान समाज सेवाओं का सम्मान किया जाएगा।

# राजेश श्यामकर ने ग्राम घुमका को नगर पंचायत की प्रक्रिया को बढ़ाने डॉ. रमन सिंह से मुलाकात की



राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर के नेतृत्व में ग्राम घुमका के ग्रामीणों नगर पंचायत की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात करके अपनी बात रखी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कलेक्टर से बात करके घुमका नगर पंचायत की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए कहा। चर्चा के समय जिला पंचायत राजेश श्यामकर, जनपद सदस्य दिलीप पटेल, वार्ड नंबर 8 के पंच बहलराम वर्मा, वार्ड नंबर 2 के पंच फागु यादव, वार्ड नंबर 5 के पंच रूपनारायण साहू साथ में घुमका मंडल के उपाध्यक्ष नोहेंद्र सिन्हा, नूणकरण वर्मा, ग्राम के पटेल बाबूलाल वर्मा, कुलदीप सिंह ठाकुर, भागवत वर्मा, सूरज, गंगेश्वर वर्मा, आशीष मिर्जा, केशव जंघेल और बहुत से कार्यकर्ता साथ में थे।

# राईस मिल में अवैध रुप से रखे डेढ़ लाख रु. के फटाखे जप्त



## फटाखों की बिक्री हेतु तलाश कर रहा था ग्राहक

डोंगरगढ़ (दावा)। आगामी दीपावली पर्व को लेकर डोंगरगढ़ पुलिस अभी से अलर्ट होकर क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर नजर रख रही है,

इसी अभियान पर आज 4 अक्टू. को मुखबीर सूचना मिला की ग्राम कुम्हाटोला रोड एक राईस मिल में एक व्यक्ति अवैध धन लाभ अर्जित करने राईस मिल के अन्दर भारी मात्रा में फटाखा रखकर फटाखा बेचने के लिये ग्राहक तलाश कर रहा है कि, सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा तत्काल ग्राम कुम्हाटोला राईस मिल पंहूचे जहां शिव अग्रवाल पिता दुर्गा प्रसाद अग्रवाल उम्र-42 साल निवासी वार्ड नं.-12 डोंगरगढ़ के निवासी मिले। राइस मिल की तलाशी लेने पर खाकी रंग के कुल 51 पेटी में विभिन्न प्रकार के फटाखा कीमत 1,50,000 रू. भरा मिला फटाखा के संबंध में वैध दस्तावेज का मांग करने पर शिव अग्रवाल द्वारा भारी मात्रा में फटाखा रखने एवं बिक्री करने के संबंध में कोई लायसेंस व दस्तावेज पेश नहीं करने पर उक्त फटाखा को जप्त कर आरोपी शिव अग्रवाल के विरूद्ध विस्फोटक अधिनियम, 184 की धारा 9(ख) के तहत कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में उपनिरीक्षक राजेश कुमार, प्र.आर. अखिल अम्बादे, आरक्षक चमन साहू, श्रीनिवास राव का विशेष योगदान रहा है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त की राशि किसानों के बैंक खाते में किया हस्तांतरित

## कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव में दिखाया गया कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

**राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महाराष्ट्र के वाशिम में आयोजित किसान सम्मेलन कार्यक्रम से किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त की राशि को सीधे किसानों के बैंक खाते में हस्तांतरित किया गया। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव में दिखाया गया।**



जिले में 119853 कृषकों को 25 करोड़ 85 लाख रूपए की राशि से किया गया लाभान्वित

किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिले में 119853 कृषकों को 25 करोड़ 85 लाख रूपए की राशि से लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव सचिन बघेल, कलेक्टर संजय अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि बिसेसर साहू, कोमल सिंह राजपूत, चंद्रकृत साहू, सरपंच सुरगी आनंद साहू उपस्थित रहे।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जल संरक्षण के महत्व को बताते हुए जल संरक्षण के विभिन्न तरीकों को बताया। उन्होंने वर्तमान में बोर उत्खनन कार्य अधिक होने के कारण पानी के वाटर लेवल को बढ़ाने हेतु बोरवेल रिचार्जिंग के बारे विस्तृत जानकारी दी। साथ ही अधिक से अधिक पौधरोपण, पुराने तालाबों में जल संग्रहण करने एवं ग्रीष्मकाल में धान की जगह कम पानी वाले फसल लगाने के लिए किसानों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन एवं तिलहन फसल लगाने, खेती की लागत को कम करने एवं उत्पादकता बढ़ाने के संबंध में जानकारी दी गई। फसल चक्र परिवर्तन एवं धान खरीदी के बारे में बताया गया। कार्यक्रम को अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव सचिन बघेल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं कृषि विज्ञान केन्द्र प्रमुख डॉ. गुंजन झा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डेय, अनुविभागीय कृषि अधिकारी विरेन्द्र आनंद, एसएस देशलहरे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रीमती ईश्वरी ठाकुर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जे.एस खेंगर, कृषि विकास अधिकारी श्रीमती रमशीला बोरकर, याजवेन्द्र कटरे, वैभव मंडावी, चंद्रकांत साहू, जितेन्द्र वर्मा, प्रमोद नाग, भरत उइके, श्रीमती सरिता रामटेके, श्रीमती मोनिका भगत, श्रीमती वंदना यादव सहित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव के वरिष्ठ वैज्ञानिक श्रीमती अंजली घृतलहरे, मनीष सिंह, आशीष शुक्ला, जितेन्द्र मेश्राम, श्रीमती मंजूलता मेरावी एवं कृषक व स्वसहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थी।

# सबसे बड़ी मुठभेड़ : मारे गए 31 में 16 नक्सलियों की हुई पहचान

दंतेवाड़ा। दंतेवाड़ा जिले के अबूझमाड़ में सुरक्षाबलों और नक्सलियों की मुठभेड़ हुई है। जिसमें 31 नक्सली मारे गए हैं, जिसमें 18 पुरूष और 13 महिला वर्दीधारी नक्सलियों का शव बरामद किया गया है। इसके अलावा बड़ी संख्या में नक्सलियों के घायल होने की संभावना जताई जा रही है। मृत नक्सलियों में 25 लाख की इनामी और पूर्वी बस्तर इंचार्ज नीति उर्फ उर्मिला भी शामिल है। इनमें से 16 नक्सलियों की शिनाख्तगी कर ली गई है। इन 16 नक्सलियों पर 1 करोड़ 30 लाख से ज्यादा का इनाम घोषित था। वहीं अन्य 15 नक्सलियों की शिनाख्तगी कार्यवाही जारी है।

# पीएम मोदी से प्रभावित होकर सदस्यता अभियान महापर्व में स्वस्फूर्त जुट रहे समर्थक- परवेज अहमद

## ग्रामीण क्षेत्र में लगातार दूसरे दिन दिलाई गई भाजपा की सदस्यता

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में भाजपा का सदस्यता अभियान महापर्व विस्तार ले रहा है। शनिवार को पनेका, बांकल और फरहद में ग्रामीणों ने सदस्यता ग्रहण कर देश के प्रति अपने कर्तव्यों की पूर्ति हेतु शपथ ली। भाजपा नेता परवेज अहमद ने बताया कि पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, वरिष्ठ नेता व पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष अग्रवाल व भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, मंडल अध्यक्ष रोहित चंद्राकर की मौजूदगी में नए सदस्यों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया, अतिथियों ने अपने संबोधन से सभी को प्रोत्साहित किया।



भाजपा के सदस्यता अभियान महापर्व की ग्रामीण अंचल में शुक्रवार को शुरुआत की गई थी। भाजपा नेता परवेज अहमद ने बताया कि, शनिवार को पनेका, बांकल और फरहद में कार्यक्रम आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण इस कार्यक्रम में शामिल हुए। स्वस्फूर्त लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली। भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को पूर्ण कर सभी को सदस्यता दिलाई। उन्होंने कहा कि, पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व सांसद संतोष पांडेय के आह्वान पर ये अभियान गांव-गांव तक पहुंच रहा है। तय है कि छत्तीसगढ़ में राजनांदगांव जिला सदस्यता अभियान में नया रिकॉर्ड बनाएगा।

उन्होंने कहा कि, आज नव सदस्यों को तिलक लगाकर विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक समूह में प्रवेश दिलाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर्मयोग और भाजपा की विचारधारा से प्रभावित लोग स्वयं ही इस महापर्व में जुड़ रहे हैं और भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं। आयोजित कार्यक्रम में ग्राम पनेका में जनपद सदस्य व महिला मोर्चा अध्यक्ष पुष्पा गायकवाड़, कुशल खोब्रागढ़े, मंडल अध्यक्ष पुष्पा उइके, बूथ अध्यक्ष रामदास साहू, वरिष्ठ कार्यकर्ता रामसिंग उइके, पूर्व बूथ अध्यक्ष ईश्वर साहू, पूर्व सरपंच सुखूराम साहू, गोविंद साहू, कृपाल साहू, देवेंद्र देवांगन, कमलाबाई खोब्रागढ़े, कमरजा बाई खोब्रागढ़े, मुकेश, रघुनाथ, राकेश खोब्रागढ़े शामिल हुए। ग्राम फरहद में शक्ति केंद्र प्रभारी मोतीलाल देवांगन, महिला अध्यक्ष इंदु पटेल, महिला सदस्य अंजु यादव, सेवकराम साहू, कन्हैयालाल मंडावी, ओंकार साहू, मंगल रजक सहित अन्य मौजूद थे। वहीं बांकल में बूथ अध्यक्ष टेकुराम सिन्हा, कमलेश निषाद, भगवंती निषाद, भारत पटेल व अन्य उपस्थित रहे।

# मां बम्लेश्वरी दर्शन के लिए भक्तों का उमड़ा सैलाब, सेवा पंडालों में हो रहे सेवा कार्य

## जयकारा लगाते हुए बढ़ रहे आस्था के कदम, पदयात्रियों में माई के दर्शन का बना उत्साह

राजनांदगांव (दावा)। क्वांर मास की नवरात्रि अवसर पर शहर सहित पूरे अंचल भर में शक्ति आराधना पर्व की धूम बनी हुई है। भक्तों द्वारा जहां जगह-जगह देवी दुर्गा की प्रतिमा विराजित की गई है, वही देवी मंदिरों में घट स्थापना के साथ भक्तों द्वारा मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्जवलन किया गया है।



इससे लोगों में जगजननी मां अंबे-जगदम्बे के प्रति भक्ति-भावना उमड़ पड़ी है। लोग मां अदि शक्ति की उपासना जप-तप ध्यान आदि मे रत है। नवरात्रि पर्व में पूरा माहौल माई की भक्ति में सना हुआ है। ऐसे धर्म मय माहौल में मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए जाने वाले पैदल यात्रियों में इजाफा देखी जा रही है। नवरात्रि के तीसरे-चौथे दिन डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों का रेला देखने को मिल रहा है। भक्त जन जय कारा लगाते हुए धीरे-धीरे मां बम्लेश्वरी की नगरी डोंगरगढ़ की ओर आस्था के कदम बढ़ रहे। इससे पूरा माहौल भक्ति मय बना हुआ है। क्वांर मास की तेज गर्मी में भी पदयात्रियों में गजब का उत्साह देखा जा रहा है।

### 40 की संख्या में लगे सेवा पंडाल

बता दे कि स्थानीय प्रशासन द्वारा जिले के अंजोरा बायपास से गौरी नगर तक राष्ट्रीय राजमार्ग को वन-वे कर दिया गया है। वहीं पदयात्रियों के मार्ग में जगह-जगह पुलिस की तैनाती कर दी गई है जिसके चलते लोगों की हर गतिविधियों पर उनकी नजर बनी हुई है। इस बार स्थानीय प्रशासन एवं समाज सेवी संस्थाओं द्वारा लगभग 40 की संख्या में सेवा पंडाल लगाए गए है। जहां पदयात्रियों के लिए सभी प्रकार की सुविधाए मुहैया कराई जा रही है। इसके साथ ही चिकित्सकों के अलावा नर्सो की ड्यूटी लगाई गई।

सेवा पंडालों में इन पदयात्रियों के लिए कुछ पल आराम करने के लिए बेड व पंखे-कुलर का भी व्यवस्था की गई है वही समाजसेवी संस्था-संगठनों द्वारा स्वल्पाहार की दिए जा रहे है। इससे पदयात्रियों को किसी प्रकार दिक्कत या कठिनाईया नहीं हो रही। यात्री मातारानी की जयकारा लगाते हुए धीरे-धीरे आगे की बढ़ रहे है। चलते-चलते उनके पावों में छाले हो जाने के बाद भी आस्था के कदम माई के दरबार में जाने से रूक नहीं रहे है। यहां तक कि उमस भरी चिपचिपी गर्मी या फिर दिन में तेज धूप व गर्मी उनके कदम को नहीं रोक पा रहे। धीरे-धीरे पदयात्री माता के दरबार की ओर कदम बढाते हुए चल रहे है। मार्ग में उनका हौसला बढ़ाने लोग जयकारा लगाते हुए सामने आ रहे है। इससे माहौल और भी भक्ति-भावपूर्ण बन उठ रहा है।

### सेवा पंडालों में भीड़

हालांकि जिले के अंजोरा से लेकर डोंगरगढ़ तक 40 की संख्या में सेवा पंडाल लगाए गए है। लेकिन शहर के जीई रोड स्थित लगाए गए बागेश्वर धाम पंडाल सहित बल्देव बाग मार्ग लगाए गए सेवा पंडाल में पदयात्रियों की ज्यादा भीड़ नजर आ रही है। अन्य पंडालों में भीड़ जरुर है, लेकिन बल्देव बाग रोड में नगर निगम द्वारा लगाए गए पंडाल में पदयात्रियों के लिए भोजन व्यवस्था से लेकर स्वल्पाहार व रूकने के लिए बेड आदि सहित पंखा-कूलर की व्यवस्था होने से यहां उनकी भीड़ ज्यादा नजर आ रही है। नगर निगम कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके ने बताया कि पदयात्रियों के लिए इस तरह की सुविधा हर नवरात्रि में उपलब्ध रहती है। यहां तक कि पदयात्रियों को चिकित्सीय सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है। इसी तरह बागेश्वर मंदिर में लगे सेवा पंडाल में पदयात्रियों के लिए स्नान-ध्यान, पूजा-पाठ सहित खाने-पीने व ठहरने सहित मोबाईल चार्जिंग की व्यवस्था की जाने से पदयात्री बड़ी संख्या में यहां रुक रहे हैं। इसके थोड़ी आगे राम दरबार मंदिर में पदयात्रियों के लिए रात्रि ठहरने की व्यवस्था की गई है। संस्कारधानी नगरी में पदयात्रियों की इस तरह की सेवा से उनमें खुशी देखी जा रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com